डालटनगंज (मेदिनीनगर) बुधवार
24.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
हमारे पास बचपन से ही दो रास्ते होते हैं या तो हम सही रास्ता चुन लें नहीं तो कठिनाइयां हमारा रास्ता चुन लेंगी।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-305 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

### शेवनिंग मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत

## प्रत्येक क्षेत्र में झारखंड के युवा प्रतिभाशाली : हेमंत

### एसटी-एससी और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को विदेश में पढ़ाई का मिलेगा अवसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज हम अपने नयी पीढ़ी को शिक्षा की दिशा में नयी राह दिखाने जा रहे हैं। आज ब्रिटिश हाई कमिशन नयी दिल्ली के फॉरेन एंड कॉमनवेल्थ डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) और झारखंड सरकार के बीच ऐतिहासिक एमओयू हुआ है। इस शुभ अवसर पर मैं ब्रिटिश हाई कमिशन टू इंडिया, एलेक्स एलिस एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई और धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों ने एक कहावत कही है शिक्षा वह मां का दूध है जो बच्चा जितना पियेगा वह उतना दहाड़ेगा। झारखंड देश का पहला राज्य है जो शिक्षा के स्तर को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर प्रयासरत है। यहां के युवा छात्र-छात्राएं बेहतर शिक्षा ग्रहण करें इस दिशा में हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल



सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत फर्स्ट फेज में सिर्फ ट्राइबल बच्चे ही उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु विदेश गये थे। यह छात्रवृत्ति योजना उम्मीद से ज्यादा सफल होती दिखाई दे रही है। यह बात सही है कि नीयत सही हो तो ऊपर वाला ही साथ देता है। बहुत कम समय में केंद्र सरकार एवं यूके की सहमति प्राप्त हुई है। अब मरांग गोमके जयपाल सिंह छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ रहा है। अब ट्राइबल के साथ-साथ पिछड़े वर्ग के बच्चे, जो विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं उन्हें भी हमारी सरकार उच्च शिक्षा के लिए इस छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में पढ़ाई करने भेजेगी।

#### मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की देश और दुनिया में अलग पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूके गवर्नमेंट के प्रतिष्ठित चिभनिंग स्कॉलरशिप के साथ अब देश और झारखंड की प्रतिष्ठित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना के साथ एमओयू के अंतर्गत हर साल युवाओं को विदेश में पढ़ने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी स्टेट गवर्नमेंट ने यूके गवर्नमेंट के साथ ऐसा एमओयू किया हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से सौ साल पहले झारखंड से एक ट्राइबल युवा जयपाल सिंह मुंडा जी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ने का अवसर मिला था उन्होंने पढ़ने के साथ-साथ हॉकी में ऑक्सफोर्ड ब्लूज टीम की कप्तानी भी की। उनकी नेतृत्व क्षमता को निखारने में इंग्लैंड में ही उन्हें उपयुक्त वातावरण मिला। यही कारण है आज लोग उन्हें मरांग गोमके के नाम से जानते हैं। राज्य, देश और दुनिया में जयपाल सिंह मुंडा की अलग पहचान रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे देश की महान विभूतियों जैसे महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आदि ने इंग्लैंड से उच्च शिक्षा लेकर देश को मजबूत नींव और सही दिशा देने में अभूतपूर्व भूमिका निभायी है। हमारे देश का सशक्त लोकतंत्र और उत्कृष्ट संविधान इन्हीं महान विभूतियों की देन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की युवा बहुत मेहनती और प्रतिभावान होते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय के स्थित सभागार में आयोजित राज्य सरकार एवं विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ब्रिटिश उच्चायोग, नयी दिल्ली के बीच एमओयू और मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजन-2023 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**क्लाइमेट चेंज की परिकल्पना में झारखंड की भूमिका अहम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सतत विकास की दिशा में झारखंड राज्य कई मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका शेष पृष्ठ 11 पर

निवेश की संभावनाओं को लेकर बैठक में सीएम हुए शामिल, बोले -

## संसाधनों व संभावनाओं के समन्वय से विकास की गति तेज करना लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और राज्य में संभावनाओं को लेकर राउंड टेबल बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा में अंग्रेजी विषय पर बल, सौर ऊर्जा का विकास, क्लीन एनर्जी, जलवायु परिवर्तन, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद, इलेक्ट्रॉनिक मोटर व्हीकल सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं एवं सभी सेक्टर पर राज्य सरकार की नीतियों से संबंधित विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों ने बात रखी। इन विभिन्न आयामों को कैसे आगे बढ़ाया जाये, इसे लेकर बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस एवं उनकी टीम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। निवेशकों को राज्य सरकार पूरा मदद कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक मोटर वेक्किल, स्वास्थ्य, खेल एवं सौर ऊर्जा सहित कई सेक्टरों में बेहतर पॉलिसी बनायी गयी है। इन सभी क्षेत्रों में अभी काफी काम किया जाना है, इसमें आप सभी का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ रोड में टेमराई मोड़ के पास टेमराई गांव निवासी आनंद मस्सी टूडू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना प्रभारी अक्षय कुमार को दी। घटना की जानकारी मिलते ही अक्षय कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल आनंद मस्सी टूडू को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने आनंद की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। वही इस घटना के बारे में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि आनंद चैनपुर से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में टेमराई मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने उसे तीन गोली मारी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है।

### लोकपाल मामले में शिबू सोरेन ने मांगा वक्त

**रांची।** लोकपाल इंडिया को झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से जुड़े आय से अधिक संपत्ति के मामले में 25 अगस्त को स्वयं या प्रतिनिधि के माध्यम से पक्ष रखना था। जानकारी के मुताबिक, शिबू सोरेन ने अंतिम पक्ष रखने के पूर्व लोकपाल से इस संबंध में वक्त की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई के अंतिम रिपोर्ट में आये तथ्यों व अन्य पहलुओं पर जवाब देने के पहले वक्त मांगा गया है। हालांकि, लोकपाल इंडिया ने इसकी मंजूरी दी है या नहीं इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। गौरतलब है कि चार अगस्त को लोकपाल में मामले की सुनवाई हुई थी। तब लोकपाल के द्वारा जारी आदेश में बताया गया था कि पद पर रहते हुए आय से काफी अधिक संपत्ति बनाने के मामले को लेकर काफी विस्तृत प्रतिवेदन सीबीआई ने दिया है। ऐसे में इस मामले में अंतिम फैसला लेने के पूर्व लोकपाल ने पक्ष की मांग की थी।

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष का मामला पकड़ेगा तूल

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मंगलवार को अपने खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा है कि वे स्पीकर पद से इस्तीफा नहीं देंगे। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा- संसदीय नियमों के तहत अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया है। बुधवार को मेरे खिलाफ वोटिंग नहीं होगी। सरकार पहले अपना विश्वास मत हासिल करे, फिर आगे का देखेंगे। अविश्वास प्रस्ताव से मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा है। इधर, विजय सिन्हा के बयान पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी ने कहा है कि उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। सो वे (विजय सिन्हा) स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठ पायेंगे। बिहार में नीतीश कुमार के भाजपा से अलग होकर राजद के साथ सरकार बनाने के बाद 10 अगस्त को स्पीकर के खिलाफ राजद के 50 से ज्यादा विधायकों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिस पर 24 अगस्त को वोटिंग प्रस्तावित है। इन हालात में संभावना जतायी जाने लगी है कि यदि विजय सिन्हा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया, कुछ किया तो विधानसभा में महागठबंधन मौनव्रत नहीं धारण करेगा, बमचक हो सकता है।

## पलामू में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि 22 अगस्त दिन सोमवार को सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय को गुप्त सूचना मिला था कि मलय डेम के पास कुछ अपराधी प्रवृति के लोग मौजूद है, जिनके पास एक बैग में हथियार है तथा वे लूट-पाट के नियत से मोटरसाईकिल से शेष पृष्ठ 11 पर

### राजनीतिक दलों के मुफ्त वादों मामले में 24 को भी सुनवाई

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राजनीतिक दलों के मुफ्त वादों के खिलाफ लगी याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में मंगलवार को लगभग 45 मिनट तक सुनवाई हुई। इसमें राजनीतिक दलों के मुफ्त वादों पर रोक लगाने की मांग गयी है। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया कि वह इस केस को बड़ी बेंच में भेजा जा सकता है। अगली सुनवाई बुधवार 24 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान वकील विकास सिंह ने कहा कि मुफ्त वादों के चलते देश दिवालिया होने की स्थिति में है। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा कि- मान लीजिए कोई वादा कर दूं कि चुनाव जीतने पर लोगों को सिंगापुर भेज दूंगा तो चुनाव आयोग इस पर कैसे रोक सकता है। सुप्रीम कोर्ट में आज की सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल न्याय मित्र के तौर पर, जबकि अभिषेक मनु सिंघवी आम आदमी पार्टी और विकास सिंह याचिकाकर्ता के वकील के तौर पर पेश हुए। केस की सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की बेंच में जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली शामिल थीं।

## लूंगी गैंग के निशाने पर चार पहिया वाहन

### पलामू पुलिस ने सभी थानों को किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में लूंगी गैंग नाम की चर्चा आम होती जा रही है। झारखंड बिहार सीमावर्ती और पलामू के कई हिस्सों में वाहन चोरी में लूंगी गैंग सक्रिय है। आम तौर पर यह गैंग लूंगी बनियान पहनकर इलाके घूमता है और चार पहिया वाहनों की रेकी करता है। रात होने पर यह गैंग रेकी की गये वाहनों की चोरी करता है। पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले लुंगी गैंग ने बड़े आराम से एक बोलेरो को गायब कर दिया था। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसके बाद लुंगी गैंग का खुलासा हुआ। लुंगी गैंग की तलाश में पलामू पुलिस बिहार और यूपी के कई इलाके में छापेमारी कर रही है। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लूंगी गैंग के बारे में सभी थानों को हाई अलर्ट किया गया है। इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। एसपी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को इस तरह की घटनाओं का खुलासा करने को कहा गया है। चंदन कुमार सिन्हा ने आम लोगों से वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाने और सुनसान इलाके में गाड़ी पार्क करने पर सावधान रहने की अपील की है। पलामू में चार पहिया वाहनों को गायब करने वाले लुंगी गिरोह के तार बिहार के गया और औरंगाबाद से भी जुड़े हैं। चोरी किये गये वाहनों के लोकेशन बिहार और यूपी के इलाके में मिला है। जिसके बाद पलामू पुलिस की टीम गिरोह की तलाश में बिहार के कई इलाकों में छापेमारी कर चुकी है। पलामू पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि बिहार के शराब माफिया झारखंड के इलाके में चार पहिया वाहनों को निशाना बना रहे हैं। चोरी की गई चार पहिया वाहनों से शराब की तस्करी की जाती है। शराब की खेप पकड़े जाने के बाद वास्तविक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाती है। लूंगी गैंग ने अब तक पलामू के नावाजयपुर, मनातू, छतरपुर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, पिपरा, हैदरनगर, हुसैनाबाद के इलाकों में वाहनों को निशाना बनाया है। शेष पृष्ठ 11 पर

## आधार के तहत राज्य सरकार अत्यधिक योजनाओं को करेगी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आधार के उपयोग को सरल बनाने को लेकर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय में एकदिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राज्यों द्वारा आधार के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आधार के तहत और अधिक योजनाओं को शामिल किया जायेगा। राज्य सरकार इस पर काम कर रही है। योजना एवं विकास विभाग के सचिव राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्त्तमान में आधार अपरिहार्य है और इसने सरकारी अधिकारियों को विभिन्न सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के वितरण के लिए सीधे निवासियों तक पहुंचने में मदद की है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सचिव हिमानी पाण्डेय ने बताया कि आधार ने जीवन को आसान बनाया है और इससे सरकारी योजनाओं की निगरानी भी संभव हो रही है। संबोधन में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि आधार की मदद से हम डुप्लीकेट को खत्म करने में सक्षम हैं। विभिन्न सत्रों में सम्पन्न हुए कार्यशाला में आधार की विशेषताएं, आधार के उपयोग में हुए प्रमुख घटनाक्रमों, झारखंड में की गयी बेस्ट प्रैक्टिसेस और डेटा की गोपनीयता और सूचना सुरक्षा विषय पर विचार-विमर्श किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान शेष पृष्ठ 11 पर

### जम्मू कश्मीर के नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल पर भारतीय सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। सेना ने सोमवार की रात नौशेरा सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। वहीं, मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये हैं। आतंकी नौशेरा सेक्टर में भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। जम्मू के रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों के एक समूह की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और इस दौरान दो आतंकवादी मारे गये। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौशेरा सेक्टर में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को घुसपैठ करने का प्रयास किया गया। इलाके में तलाश अभियान जारी है। प्रवक्ता ने कहा, 'जहां घुसपैठ की कोशिश की गयी वहां सेना का अभियान जारी है। इस तलाश अभियान के दौरान ही दो घुसपैठियों के शव बरामद हुए।

### अमित अग्रवाल को ईडी का समन, होगी पूछताछ

## अगस्त महीने में ही हाजिर होने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के मामले में ईडी ने कोलकाता के चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल को समन भेज दिया है। अगस्त महीने के आखिर तक उन्हें ईडी के रांची जोनल ऑफिस में हाजिर होना होगा, जहां ईडी उनसे पूछताछ करेगी। शेल कंपनी व अवैध खनन की सीबीआई जांच से जुड़ी याचिका से नाम हटाने के बदले पैसे मांगने के अमित अग्रवाल की शिकायत पर ही कोलकाता पुलिस ने अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख नकदी के साथ 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अमित अग्रवाल की कंपनी का नाम उन कंपनियों में दर्ज था, जिसे याचिकाकर्ता ने शेल कंपनी बताया था। अमित अग्रवाल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का करीबी माना जाता है। राजीव कुमार को रिमांड पर लेने के बाद ईडी ने तीसरे दिन भी उनसे पूछताछ की। ईडी ने अमित अग्रवाल से मिलने, बातचीत समेत अन्य पहलुओं पर भी राजीव कुमार से लंबी पूछताछ की है। राजीव कुमार के बयानों से अमित अग्रवाल के बयान का मिलान किया जायेगा।

**कौन है अमित अग्रवाल :** अमित अग्रवाल मूल रूप से कोलकाता के व्यवसायी हैं। रियल स्टेट, जामताड़ा में वनस्पति तेल के उद्योग सहित कई कारोबार से शेष पृष्ठ 11 पर

## गौतम अडानी खरीदेंगे एनडीटीवी में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी



**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** लगता है 2024 लोकसभा चुनाव के पहले भारत में कोई भी मीडिया समूह नहीं बचेगा जो केंद्रीय सत्ता की असलियत उजागर करते हुए खबर लिख सके। एनडीटीवी का भी शेयर अब गौतम अडाणी खरीद रहे हैं, जो 2015 के बाद राफेल की गति से धनी हुए हैं, जिनकी झोली में देश की तमाम सरकारी कंपनियां घाटे में लाकर डाल दी गयी हैं और आगे भी डाले जाने का उपक्रम तैयार किया जा रहा है। वह अडाणी समूह, एनडीटीवी मीडिया समूह में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा। अडाणी समूह की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क के जरिये यह डील की जायेगी। यह अधिग्रहण एएमजी मीडिया नेटवर्क लिमिटेड (एएमएनएल) की सब्सिडियरी कंपनी वीपीसीएल के जरिये किया जायेगा। अडाणी मीडिया नेटवर्क के सीईओ संजय पुगलिया ने लेटर जारी करके यह जानकारी दी। अडाणी ग्रुप के एएमजी मीडिया ने एनडीटीवी में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के लिए भी पेशकश की है। अडाणी ग्रुप ने एनडीटीवी में 294 रुपये प्रति शेयर की दर से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 493 करोड़ रुपये की खुली शेष पृष्ठ 11 पर

### अप्रैल में मीडिया कारोबार के लिए बनायी थी कंपनी

अडाणी ग्रुप ने 26 अप्रैल, 2022 को अडाणी इंडिया मीडिया नेटवर्क लिमिटेड नाम की कंपनी बनायी थी। इसमें मीडिया कारोबार को चलाने के लिए एक लाख रुपये की इनिशियल ऑथराइज्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल का प्रॉविजन किया है। इसमें पब्लिशिंग, एडवरटाइजमेंट, ब्रॉडकास्टिंग समेत मीडिया रिलेटेड बाकी काम शामिल रहेंगे। गौतम अडाणी की नेटवर्थ है आठ लाख करोड़ रुपये : ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक वर्तमान में गौतम अडाणी की नेटवर्थ लगभग 8 लाख करोड़ रुपये है। हाल ही में अडाणी समूह ने दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी होलसिम से लगभग 81 हजार करोड़ रुपये में अंबुजा और एसीसी सीमेंट कंपनियों की हिस्सेदारी खरीदी थी। मालूम हो कि अडाणी समूह की तरफ से एनडीटीवी को खरीदे जाने की चर्चा तब शुरू हुए थे, जब हुए द क्विंट में एडिटोरियल डायरेक्टर रह चुके संजय पुगलिया अडाणी इंटरप्राइजेज के मीडिया इनिशिएटिव्स में सीईओ व मुख्य संपादक की नौकरी ज्वाइन की थी। अडाणी मीडिया नेटवर्क के सीईओ संजय पुगलिया ने पत्र जारी कर बताया कि एनडीटीवी भारत के तीन सबसे बड़े चैनलों में से एक है, जो टीवी के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी पॉपुलर है। जहां तक पुगलिया की पत्रकारिता का सवाल है तो वह नवभारत टाइम्स में व्यापारवाली खबरें करते थे। नवभारत टाइम्स के कार्यकारी संपादक एसपी सिंह के चहेते थे। वैसे तो इनको कांग्रेसी नेता सीताराम केसरी का भी चहेता कहा जाता था। एसपी सिंह जब इंडिया टुडे में गये और आज तक शुरू किये, तो अपनी जो टीम ले गये उसमें से एक संजय पुगलिया भी थे। वैसे तो संजय पुगलिया गुडी-गुडी वाले पत्रकार रहे हैं और अब अडाणी के यहां नौकरी में इनकी यह विधा और भी परवान चढ़ने की उम्मीद है।

## देश को आगे ले जाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : मांडविया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सभी के सामूहिक प्रयासों से भारत को दुनिया में सबसे आगे ले जाया जा सकता है और इस सदी में वैश्विक स्वास्थ्य सेवा का एक आदर्श स्थल बनाया जा सकता है। श्री मांडविया ने पद्म पुरस्कार प्राप्त चिकित्सकों के एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा है कि देश में श्रम शक्ति और प्रतिभा की कभी कमी नहीं रही। उन्होंने कहा कि पुरस्कार विजेता को मिलता है और सम्मान उनको मिलता है जो देश के लिए जीते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित रहीं। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आरएस शर्मा भी शामिल हुए। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों की सराहना करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि कोविड-19 के मुश्किल दौर में स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका खासी अहम रही है। इस चुनौतीपूर्ण दौर में डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता मानव समुदाय के इतिहास में ऐतिहासिक है। वे असली नायक हैं, जिन्होंने कोविड-19 के दौर में मरीजों की सेवा और रक्षा के लिए अपने स्वास्थ्य और जिंदगियों को जोखिम में डाल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र उनका हमेशा ऋणी रहेगा। सभी स्वास्थ्य पेशेवरों का अंशदान अनमोल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों के साथ, हम मिलकर भारत को दुनिया में सबसे आगे ले जा सकते हैं और इस सदी में वैश्विक स्वास्थ्य का एक प्रतीक बना सकते हैं। डॉ. पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### मुखिया ने किया धोती साड़ी व लूंगी का वितरण

**विश्रामपुर।** प्रखंड के घासीदाग पंचायत के मुखिया अंजू देवी ने सोना सोबरन योजना के अंतर्गत मौजूद आसवाद समूह के सभी कार्डधारियों के बीच साड़ी धोती व लूंगी का वितरण किया। मुखिया अंजू देवी ने कहा सरकार द्वारा चलाई गई। यह अति महत्वाकांक्षी योजना गरीब व असहाय ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जहां लोगो के पास खाने के लिए अनाज तो निरंतर मुहैया हो रही थी। पहनने के लिए कपड़े नहीं हुआ करते थे। लोग फटे पुराने कपड़े को पहन कर ही जैसे तैसे अपना जीवन यापन किया करते थे। किंतु अब ऐसा नहीं है। मुखिया ने कहा सोना सोबरन योजना के तहत साल में दो बार सभी कार्डधारियों को दस रुपए के अल्प शुल्क पर उन्हें धोती, साड़ी और लूंगी दिया जाएगा। उक्त मौके पर पंचायत के प्रतिनिधि सहित कई ग्रामीण लाभुक मौजूद थे।

### सवर्णकर समाज ने मनाई द्वितीय वर्षगांठ

**विश्रामपुर।** प्रखंड में स्वर्णकार समाज की द्वितीय वर्षगाठ मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विगन सोनी व संचालन ललन प्रसाद सोनी ने किया। वर्षगाठ के मौके पर संगठन मजबूती, एकजुटता व विस्तार पर चर्चा हुई। ताकि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो सकें। सवर्णकर समाज के बतौर मुख्य अतिथि सह झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, जिला अध्यक्ष युगल किशोर शरण व उपाध्यक्ष जयराम वर्मा ने संयुक्त रूप से सर्व प्रथम भगवान नरहरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। तदपश्चात संगठन मजबूती पर सभी ने अपने अपने विचारो को साझा किया। मौके पर बिगन सोनी, अवधेश कुमार, सीताराम आर्य, उमेश सोनी, सत्यनारायण सोनी, सत्यम सोनी, संजय सोनी, राजकुमार सोनी सहित स्वर्णकार समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### लाभुक के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण

**पाटन।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का वितरण। जन वितरण प्रणाली दुकानदार उताकी में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर सिंह प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, मुखिया के द्वारा कार्ड धारी लाभुक के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। यह सरकार के योजना 10 रुपये में धोती साड़ी लूंगी गरीब बुजूर्ग के बीच अत्यंत लाभदायक है। इस पर पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि भी सजग है।

### तीन लोगों को हुई उम्र कैद की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह की अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी पाते हुए प्रवीण सिंह, सूरज कुमार व उमेश कुमार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपए अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। उक्त मामले में डाल्टेनगंज थाना अंतर्गत सुदना निवासी शुभम कुमार ने दो लोग प्रवीण सिंह व सूरज कुमार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी व एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी मेदिनीनगर शहर थाना में दर्ज कराया था। जो मेदिनीनगर थाना कांड संख्या 433/2018 तिथि 30 दिसम्बर 2018 को दर्ज कराया था। जिसमें अभियुक्तों पर आरोप था कि दिनांक 27 दिसंबर 2018 को मृतक अजय कुमार दुबे को घर से बाहर बुलाए और उनसे बहस करने लगे इसी क्रम में पिस्तौल निकालकर मृतक अजय कुमार दुबे के पेट में गोली मार दिए। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। प्रवीण सिंह बैरिया के रहने वाले हैं वही सूरज कुमार और उमेश कुमार सुदना के रहने वाले हैं।

### जनता दरबार आयोजन कर ग्रामीणों का फरियाद सुनी

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को वीडियो मोहम्मद अमिर हमजा बिडियो के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण प्रखंड सह अंचल के कार्य निष्पादन हेतु जनता दरबार में फरियाद लगाई। दरबार में प्रखंड से वृद्धा पेंशन 27, विधवा 4, विकलांग पेंशन का 4 आवेदन प्रस्तुत की गई। जिसमें वीडियो द्वारा सभी की स्वीकृति प्रदान की। वहीं अंचल में मोटेशन, रसीद, खतियान संबंधित 6 आवेदन प्रस्तुत की गई। जिसमें अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने सभी पर जांच का आदेश निर्गत किया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद यादव पंचायत, सेवक शिव कुमार यादव, देवेंद्र पाठक, सहायक सुधिर पासवान, मुन्ना राम सहित सैकड़ों लोग दरबार में उपस्थित थे।

### एमभीआई ने चार वाहनों को एनएच 98 से किया जब्त

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना समिप एन एच 98 मुख्य पथ चेक पोस्ट पर पलामू एमभीआई पदाधिकारी मुंडा द्वारा वाहन जांच के दौरान चार वाहनों को ओवरलोडिंग व कागजात त्रुटि के कारण जब्त कर नावा बाजार थाना को सुपुर्द कर दिया गया। सभी वाहनों को सीजर लिस्ट काटकर फाइन के लिए पलामू जिला डीटीओ ऑफिस में अग्रेतर करवाई के लिए भेज दी गई।

### नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय में लगा जनता दरबार

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर मंगलवार को नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए अंचल, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास, कृषि, कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, उपप्रमुख कुसुम देवी तथा बीडीओ अनिल कुमार की मौजूदगी में जनता दरबार की कार्रवाई शुरू की गई। सबसे अधिक अंचल से जुड़े कई मामले पर सुनवाई किया गया। जनता दरबार में पेंशन के 6, जन्म मृत्यु का 7 तथा जन वितरण से जुड़े मामले में चार नया राशन कार्ड, दो में नाम बदलना तथा 20 कार्ड धारियों का डीलर बदलने की कार्रवाई पूरी की गई। मौके पर बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि सुखाड़ राहत के लिए किसान प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। मौके पर बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा, बीडब्ल्यूओ प्रमोद जायसवाल, पंचायत सचिव राम प्रसाद पाल, कनिय अभियंता सिद्धनाथ कुमार, मुखिया कृष्णकांत चौबे, रेखा देवी, आशा देवी सहित कई प्रखंड कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### लूट खसोट की भेंट डोभा निर्माण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड में वर्ष 2016 – 17 में किसानों के खेतों में पानी देने व जलसंरक्षण की स्थिरता के लिये बड़े पैमाने पर डोभा निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें हुसैनाबाद के 22 पंचायतों में मनरेगा योजना से 100 डोभा का निर्माण कार्य कराया गया था। इससे किसानों को प्रतिवर्ष तीन फसल उगाने की आस के बीच यह योजना लूट खसोट की भेंट चढ़ गई। किसान हित में ही 14 वें व 15 वीं वित्त मद की राशि से शुरू की गई कई बड़ी परियोजनाएं अधूरी रह गई। किसान वर्षों से इन डोभा के पूरा होने व खेत को पानी मिलने का इंतजार करते रहे हैं।

# शहरी क्षेत्र में सड़क की स्थिति जर्जर समाजसेवी ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर से गुजरने वाले एनएच 98 की स्थिति काफी जर्जर है। अनेकों जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। साथ ही मिट्टी और कचरा से सड़क का दोनों छोर पटा हुआ है। इसके कारण सड़क पर धूल उड़ता रहता है। जिससे आने- जाने वाले लोगों तथा सड़क के किनारे दुकानदारों व निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि तेंदुआ से बिहार सीमा तक 21 करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया गया था।



जिसका रखरखाव की जिम्मेदारी एनएचएआई द्वारा शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को दी गयी है। परंतु कंस्टक्शन कंपनी द्वारा अभी तक सड़क का मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। उधर सड़क की दुर्दशा को लेकर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क का मरम्मत व सफाई अविलंब कराया जाए। ऐसा नहीं करने पर जनता के साथ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया जाता है, तो अनिश्चितकालीन सड़क जाम किया जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार, गोपाल प्रसाद, मृत्युंजय सिंह, विनोद पासवान, विकास कुमार, राजू शौंडिक, शंभू यादव, मृत्युंजय पासवान, छोटू कुमार, जितेंद्र पासवान, गोलू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## अररूआ खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में सेविका का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के अररुआ खुर्द बीआरसी भवन के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक के लिए मंगलवार को सेविका का चयन किया गया। बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयप्रकाश नारायण तथा महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी की मौजूदगी में हुयी। लाभुक क्षेत्र के लोगों की बैठक में सेविका पद के लिए एक मात्र उम्मीदवार रेखा कुमारी ने दावा प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से उपस्थित लोगों ने अनुमोदन किया। बैठक में ही बीडीओ तथा महिला पर्यवेक्षिका ने रेखा कुमारी को चयन प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर निवर्तमान मुखिया रिनु देवी, प्रधानाध्यापिका अनुपमा कुमारी, बीआरपी अनुज मिश्रा, एएनएम सरोजनी देवी, अनुसेवक पारसनाथ, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंभू सिंह, दिनेश पासवान, इंद्रदेव राम, मृत्युंजय पासवान, रामदेव राम, विजय पासवान, जितेंद्र पासवान, पुष्पा देवी, वासमती कुंवर, रीता देवी, उद्गमप्रिया सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।



## हुसैनाबाद में सब्बेदारी का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हजरात इमाम सैयद-ए-सज्जाद जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम को तत्कालीन शाशक वालिद बिन अब्दुल मालिक ने 25 मोहर्मुल हराम 65 हिजरी को जहर देकर शहीद कर डाला। उस अजीम शहादत की याद में अंजुमन अब्बासिया हुसैनाबाद ने वक़्फ वासला बेगम सदर इमबारगाह में शब्बेदारी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत मरहूम शाकिर हुसैन के मकान में तिलावते कलामे पाक से किया गया। जिसके बाद कोलकाता से आए हुए मौलाना शब्बीर अली वारसी सहाब ने तकरीर में बताया। अल्लाह रब्बुल इज्जत ने इस दुनियां को बनाया। जिसमें सबसे पहले नूरे पंजतन पाक को बनाया। उसके बाद सभी अंबियाये कराम को खल्क किया। मेरा नबी (सअव) ही जिसके पसीने से अंबियाये कराम बने और उनके खून ने हुसैन अलैहिस्सलाम। नबी (सअव) ने इरशाद फरमाया। इस कार्यक्रम में हुसैनाबाद के अलावा हैदरनगर, झरगाड़ा, मांडर, रोहतास, वाराणसी आदि जगहों से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मौलाना सैयद सम्श तबरेज हुसैनाबादी ने अपने खास अंदाज में पेश किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्म रूप से सैयद इकबाल हुसैन (सचिव) सैयद रेहान हुसैन (सदर), सैयद सरकार हुसैन, सैयद मजाहिर हुसैन (चुन्ना), आमीन मिर्जा, सगीर हुसैन, इस्लाम मिर्जा, राजू मिर्जा, सैयद फिरोज हुसैन, मिर्जा नेहाल हुसैन, सैयद मूनिस अख्तर, सैयद गंजफ्फर हुसैन, मिर्जा सगीर हुसैन, ऊज्जे हुसैन, शमीम कुरैशी, जमाल कुरैशी, सगीर अंसारी आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाकपा ने अकाल-सुखाड़, मंहगाई व भ्रष्टाचार को लेकर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में मंगलवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की हुसैनाबाद अंचल कमेटी ने प्रखंड कार्यालय पर मंहगाई,अकाल सुखाड़ वह भ्रष्टाचार को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। इसकी अध्यक्षता सचिदानंद पाठक ने की। संचालन भोला सिंह ने किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी जी के राज में कारपोरेट मालोमाल एवं जनता कंगाल हो रहे हैं। वहीं इस वर्ष पूरे पलामू जिला सहित हुसैनाबाद अंचल अकाल की चपेट में है, लेकिन सरकार के द्वारा अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य सरकार तत्काल हुसैनाबाद अंचल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चालू करनी चाहिए। वहीं हुसैनाबाद छेत्र में नियमित बिजली नहीं मिलने के कारण पटवन भी नहीं हो पा रही है, वहीं डीजल का दाम आसमान छू रहा है। सरकार किसानों को कम रेट पर डीजल मुहैया कराएं। भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू जिला सहित हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भीषण अकाल की चपेट में है।भदई फसल के साथ धान की रोपाई भी नहीं हो सका।वही आम लोगों के इस्तेमाल करने वाला रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं में मोदी जी ने जीएसटी लगा दिया। मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में केंद्र सरकार पलामू जिला को विशेष पैकेज दे। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है,लेकिन इस ओर किसी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। क्षेत्र के नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। लेकिन राज्य एवं केन्द्र सरकार नौकरी देने का केवल आश्वासन दे रही है। मध्यम वर्ग को सेना में मिलने वाला नौकरी भी 4 साल के लिए कर दिया गया। धरना को वंशी ठाकुर,भीम प्रजापति, देवेन्द्र प्रसाद कश्यप, बलिराम सिंह,सरयु सिंह आदी ने संबोधित किया। इस धरना में अनरूद्ध मेहता,परमेश्वर मेहता, बाबुलाल रजवार, बाबुलाल चौधरी, युगेशवर मेहता, मंदीप ठाकुर, राजमती कुंवर, दुलारी देवी, राजपति देवी, देवनती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।अंत में 24 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंप गया।




## मनातू पंजाब नेशनल बैंक में धांधली चरम पर, कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखण्ड के पंजाब नेशनल बैंक शाखा में इन दिनों घोर अनियमितता देखने को मिल रही है। ब्रांच मैनेजर आशीष कुमार एवं कैसियर सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बैंक के ग्राहकों को पैसा देने में पूरी तरह से लापरवाही बरती जा रही है। ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीण में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बैंक के मैनेजर और स्टाफ द्वारा सीएसपी केंद्रों में पैसा देने की बात कहा गया है। जिसमे सीएसपी संचालक द्वारा उनका कमीशन बना होता है। इस रवैये से ग्राहक काफी परेशान है। यहां ग्रामीणों का बात सुनने वाला कोई नहीं है। मंगलवार को खाता धारक को पैसा नहीं मिला। इस वजह से ग्रामीण परेशान होकर घर लौट गए। मनातू के पंजाब नेशनल बैंक में और किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा कहे जाने से भी बैक कर्मियों को कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। वही पंजाब नेशनल बैंक के खाताधारक रामप्रवेश कुमार यादव ने कहा कि इस ब्रांच में खाता खोलने के नाम पर रिश्वत मांगा जाता है।




## दंगवार ओपी क्षेत्र से स्कूटी चोरी गये मामले को 24 घंटे के अंदर किया उद्भेदन

### छापेमारी कर चोरी की गई टीवीएस बाइक बरामद की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दंगवार ओपी प्रभारी चंदन कुमार शर्मा ने दंगवार बाजार से चोरी हुई टीवीएस बाइक को 24 घंटे के अंदर छापेमारी कर बरामद कर सबसे बड़ी सफलता पाई है। गाड़ी दंगवार के ठाकुर मोहल्ला निवासी कृष्णा ठाकुर के पुत्र विजय ठाकुर के घर से बरामद किया गया है। दंगवार पुलिस ने शक के आधार पर उक्त घर में रविवार की देर शाम को छापेमारी कर टीवीएस बाइक जब्त की है। बताया जाता है कि 20 को बीआर -24 एडी 0927 नंबर की टीवीएस एक्सल बाइक दंगवार बाजार से चोरी कर ली गई थी, जिसकी लिखित सूचना भुक्तभोगी राजन सोनी के द्वारा थाने को दी गई थी। राजन सोनी बिहार के रोहतास जिले के मुख्य रूप से दरिहट गांव के रहने वाले हैं । जो वर्तमान में दंगवार में किराए के मकान में रहकर कबाड़ी खरीदने एवं बेचने का कारोबार करता हैं। इस घटना के उद्भेदन होने से आस पास के लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।



## नगर पंचायत के कर्मियों ने मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम में रांची हुए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड लोकल बॉडीज एंप्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर 5 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत के कर्मियों ने मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम को लेकर रांची रवाना हो गए। हुसैनाबाद नगर पंचायत कर्मियों के घेराव कार्यक्रम में चले जाने के कारण शहरी क्षेत्रों का सफाई कार्य आज नहीं हुआ है। संघ के अध्यक्ष उमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में दैनिक कर्मी जिनकी सेवा 10 वर्ष से अधिक है। उनको नियमित करने, सरकार के द्वारा स्थाई कर्मियों को दिए जा रहे 70 प्रतिशत को बरकरार रखने, तमाम दैनिक अनुबंध कर्मियों को 10 लाख का बीमा पॉलिसी करने और निकाय में ठेका प्रथा को बंद करने सहित पेंशन की राशि को सरकार अपने कोष से भुगतान करने आदि की मांग शामिल है। फेडरेशन के हुसैनाबाद अध्यक्ष उमेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि महासंघ के आह्वान पर पूर्व में तीन दिवसीय सांकेतिक किया गया था। उन्होंने बताया कि हड़ताल में दैनिक कर्मी, अनुबंध कर्मी, स्थाई कर्मी शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम के बाद भी सरकार उक्त मांगों पर जल्द विचार नहीं करती है, तो अक्टूबर माह में अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही सरकार पर होगी। रांची रवाना होने वालों में मुख्य रूप से महासंघ के उपाध्यक्ष प्रदीप पासवान, सचिव अवधेश कुमार, विकास कुमार, अर्जुन राम, कृष्णा राम, रोहित कुमार, सूरज,अजय, योगेन्द्र, विनोद, धर्मेंद्र, आकाश, विजय राम, बादल, सोनू, खुश चौधरी, जितेन्द्र, मदन,गुड़िया कुंवर, शीला देवी, माला देवी समेत कई नगर पंचायत कर्मी आदि का नाम शामिल हैं।





## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu-06/2021-22

RE-TENDER

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला योजना अनाबद्ध निधि ग्रुप–B | | | | | | | |
| 1 | लब्जी नाला पर चेकडैम के पास सींगीदोहर की ओर गार्डवाल निर्माण। | तरहसी | 24.916 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 13/2021-22/ DOPR/DE/ZP/ Palamu Re-Tender |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.08.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–31.08.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 01.09.2022 अपराहन 3.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.09.2022 अपराह्न 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9955924364
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू।

PR.NO.276166 District(22-23):D



## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड सरकार के मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना (वित्तीय वर्ष 2022–23) अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 16 रा0 (वि0) दिनांक 01.08.2022 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यकम क्रियान्वयन किया जाना है–

| क0 | कार्यकम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | अनुमान्य इकाई लागत | अनुदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जलाशयों में केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकैट | 101 | सं0 | 60 | मो0 1600/–रू0 मात्र प्रति इकाई | 75% या मो01200/– रू0 मात्र प्रति इकाई (जो कम हो) | आवेदक सकिय मत्स्य पालक हो एवं वर्तमान में केज में मछली पालन कर रहे हो। |
| 2 | निजी क्षेत्र के तालाबों में महाझींगा पालन | 101 | एकड़ | 02 | मो01,60,000/–रू0 मात्र प्रति एकड़ | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला के लिए 80% (मो01,28,000/–रू0 मात्र अधिकतम) एवं अन्य के लिए 70% (मो01,12,000/–रू0 अधिकतम) | सकिय मत्स्य पालक जिनके पास मछली पालन हेतु उपयुक्त तालाब हो। प्रशिक्षित एवं पूर्व से महाझींगा पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 3 | पुरस्कार | 101 | सं0 | 02 | – | पुरस्कार स्वरूप मो0 30,000/– रू0 मात्र प्रति चयनित मत्स्य कृषक | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों, मत्स्य मित्रों तथा मत्स्य बीज उत्पादकों, आर0एफ0एफ0 समूहों, केज पालकों एवं हैचरी संचालकों को मत्स्यपालन/उत्पादन/बिक्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जाने के फलस्वरूप सरकार की ओर से सम्मानित किए जाने के उद्देश्य से पुरस्कार स्वरूप मो0 30,000/– रू0 मात्र प्रति चयनित मत्स्य कृषक को पुरस्कार के रूप में इस कार्य क्षेत्र में प्रचार–प्रसार एवं विपणन कार्य हेतु मोटरसाईकिल अथवा मोपेड के साथ आईस बॉक्स/डीप फिजर के क्रय हेतु प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में चतरा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एवं आवेदित कार्यकम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम हैं, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 05.09.2022

आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा।

PR 276165 Fish(22-23)D

# झारखण्ड रच रहा कीर्तिमान युवाओं के सपनों को दे रहा उड़ान







## चिवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना

वंचित समुदाय के प्रतिभाशाली युवाओं को उच्च शिक्षा देने हेतु देश में पहली बार साझेदारी

## श्री हेमन्त सोरेन


माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

एवं

## श्री एलेक्स एलिस

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त

की गरिमामयी उपस्थिति में



## यूनाइटेड किंगडम के शीर्ष विश्वविद्यालयों में एक वर्ष के मास्टर्स डिग्री हेतु चिवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना का हुआ शुभारंभ

हम भावी पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नई राह दिखाने जा रहे हैं। ब्रिटिश उच्चायोग, नई दिल्ली और झारखण्ड सरकार के बीच आज ऐतिहासिक MoU हुआ है। इस अवसर पर मैं भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त श्री एलेक्स एलिस और उनकी टीम को बधाई देता हूँ।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हम लोगों ने झारखण्ड के प्रतिभाशाली युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चिवनिंग मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना शुरू किया है। एक राज्य के रूप में झारखण्ड और एक देश के रूप में भारत की सफलता यूनाइटेड किंगडम की सफलता है।

**- एलेक्स एलिस**
भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त

अधिक जानकारी के लिए -
https://www.chevening.org/scholarship/india/

PR No. 276265 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 2022-23

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### बरवाडीह पंचायत के मुखिया पम्मी देवी ने किया धोती-साड़ी का वितरण




**चिनियां/गढ़वा।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह मुखिया पम्मी देवी के द्वारा पंचायत के सैकड़ों महिला पुरुष राशन कार्ड धारी लाभुकों के बीच मंगलवार को सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुखीया पम्मी देवी ने बताई कि आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार गरीब दलित पिछड़ों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। पंचायत प्रखंड सहित पूरे जिले एवं राज्य में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में बेहतर विकास का कार्य हो रहा है। तो वहीं सरकार ने गरीबों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी लूंगी का वितरण करने के लिए बेहतर योजना लेकर आई है। जो यह गरीबों के हित में काफी अच्छी पहल है। मौके पर पंचायत के सैकड़ों की संख्या में महिला–पुरुष उपस्थित थे ।

### राशन वितरण में अनियमितता से संबंधित समस्या को दूर करने को लेकर दिया ज्ञापन

**रमना।** प्रखंड बीससूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी के नेतृत्व मे सदस्य कृष्णा राम,जितेंद्र राम,भगवान यादव, मनोहर पासवास, अनुज कुमार ने जनवितरण प्रणाली से जुड़ी छह बिंदूओं पर बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी ललीत प्रसाद सिंह को आवेदन सौंप कर नियमाकुल कारवाई की मांग की हैं। बीडीओ को सौंपे गए आवेदन मे कहां गया है कि सभी लाभूकों को बिना कटौती तौलकर राशन देने व वैसे लाभुक जिसके पास राशन कार्ड नही हैं। उन्हे राशन कार्ड निर्गत करने, सरकारी राशन ससमय गोदाम से उठाव और पीडीएस दुकान से लाभूको के बीच राशन वितरण सुनिश्चित कराने के लिए पंचायत प्रतिनिधि के साथ पांच सदस्यीय कमिटी बनाने, सरकारी गोदाम से उठाव होने वाले राशन का सूचना पट प्रखंड कार्यालय मे लगाने, लाभूको को नजदीकी डीलर से जोड़ने तथा सभी डीलरों के प्रत्येक माह के 1 तारीख से 15 तारीख तक जेनरल और पीएमजी का राशन उठाव सुनिश्चित कराने की मांग शामिल है। उपाध्यक्ष और सदस्यों ने कहां कि मांग नही माने जाने की स्थिति में उच्चाधिकारी को इस सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### अवैध अतिक्रमण एवं मकान निर्माण के आरोपी महिला गिरफ्तार



**भवनाथपुर।** कैलान सुरक्षित वन से अवैध अतिक्रमण एवम मकान निर्माण के आरोपी महिला प्रमिला कुंवर को वन क्षेत्र पदाधिकारी भवनाथपुर के आदेशानुसार वनकर्मियो के द्वारा भवनाथपुर थाना के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया की कैलान सुरक्षित वन क्षेत्र के रक्सा टोला पर प्रमिला कुंवर महिला ने वन भूमि पर अतिक्रमण करने का सुचना मिली थी ' वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा की महिला को बहुत समझाया लेकिन महिला द्वारा गाली गलौज करने लगी ' घटना के बाद सोमवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देश पर महिला वनरक्षी एवं पुरुष वनरक्षी भवनाथपुर थाना के सहयोग से प्रमिला कुंअर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी दल में वनरक्षी दया शंकर सिंह, ओम प्रकाश उरांव, सचित कच्छ्प,रागिनी कुमारी,संगीता यादव,सुनील राय,निशांत कुमार ,कुंदन यादव एवं अन्य शामिल थे।

### आवास योजना नहीं बनाने वाले लाभुकों को दी गयी चेतावनी



**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह व पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को कुशडंड पंचायत में आवास योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान 50 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के आवास निर्माण का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि 8 लाभुकों के द्वारा अभी तक आवास योजना में कोई भी काम नहीं किया गया है।प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले 8 लाभुकों को थाना लाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राम के समक्ष थाने में 1 सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिखित आवेदन लेकर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभुकों को यथाशीघ्र आवास योजना का निर्माण कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।साथ ही चेतावनी दिया कि जो लाभुक आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करेंगे, उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पंचायत स्वयंसेवक वीरेंद्र प्रसाद, पुलिस बल के जवान, आवास योजना के लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थे।

#### कांडी में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन, बोले उपायुक्त

# अवैध निजी क्लिनिक व झोलाछाप चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप ने की। वहीं सभी विभागों के लिए अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग, कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा व कोषांग विभाग, मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना, राजस्व भूमि सुधार विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग सहित दर्जनों विभाग का स्टॉल लगा हुआ था। 77 सखी मंडल कैश क्रेडिट लिंक के रूप में प्रदत राशि 1 करोड़ 32 लाख का चेक प्रदान किया गया। 103 सखी मण्डल को चक्रीय निधि प्रदत राशि 15 लाख 45 हजार रुपए चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। 132 सखी मण्डल को सामुदायिक निवेश कोष प्रदत राशि 66 लाख रुपए चेक के माध्यम से परिसम्पत्ति प्रदान किया गया। इससे पूर्व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने बुके देकर गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप का स्वागत किया गया। वहीं उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इसके बाद कांडी मुखिया विजय राम ने लिखित आवेदन देकर कांडी नदी पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त करने व फैली गंदगी की साफ-सफाई कराने की मांग की। कांडी हल्का कर्मचारी बेलाशिष केरकेट्टा, सीआई जगरनाथ मांझी, सीओ मनोज कुमार तिवारी से इस विषय के संदर्भ में पूछताछ की गई। वहीं एक सप्ताह के भीतर उक्त नदी को अतिक्रमण मुक्त व साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। कांडी इस्लामिया कमिटी के लोगों द्वारा कब्रिस्तान के पास स्थित सरकारी शराब दुकान को स्थानांतरण कराने की मांग की। मझिगावां गांव निवासी बिरेन्द्र चौबे द्वारा गांव के बीच पुरानी तालाब को मरम्मती कराने की मांग की गई। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत उक्त तालाब की मरम्मती की जाएगी। मौके पर एसडीओ राज महेश्वरम, डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन, थाना प्रभारी फैज रब्बानी, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### सीआई व कर्मचारी को स्पष्टीकरण देने का दिया निर्देश



बलियारी गांव निवासी प्रदीप कुमार दुबे द्वारा लिखित आवेदन देते हुए शिकायत की गई कि 5 वर्ष पूर्व बनाए गए गाय शेड योजना पूर्ण होने के बाद भी बीडीओ व प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जान बूझ कर राशि की भुगतान अभिकर्ता को नहीं कराई गई। इस पर उपायुक्त ने कड़ा निर्देश देते हुए 5 दिनों के भीतर राशि का भुगतान नहीं हुआ तो प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश कुमार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बहेरवा गांव निवासी कामेश्वर सिंह की पत्नी कमला देवी के नाम पर केवाला का मोटेशन नहीं करने को लेकर सीआई व कर्मचारी पर आपत्ति जताते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। कपूरी चौक से धोबी मुहल्ला तक नली नहीं बनने के कारण सड़क पर जल जमाव को लेकर ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारी से बात कर एक माह के भीतर नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए एक लक्ष्य होता है। किसी का नाम कटेगा तो दूसरे का नाम जुड़ेगा। राजकीय कृत मध्य विद्यालय सुंडीपुर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया।

### मछलियों का आहार वितरित

उपायुक्त ने झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी तंज कसते हुए कहा कि इस प्रखंड में जितने भी अवैध व निजी क्लिनिक चल रहा है वैसे झोला छाप डॉक्टरों पर कानूनी कार्यवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही। वहीं मत्स्य विभाग द्वारा अजय चौधरी व जमींदारी चौधरी को जाल वितरण किया गया। इसके बाद उक्त आयोजित शिविर से निकलकर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बैठक की गई। जहां प्रखण्ड बिस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय ने कहा कि कांडी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अस्पताल केवल 6 घण्टे ही खुला रहता है। उन्होंने उक्त अस्पताल को 24 घण्टे खुला रहने का आग्रह किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं.: ईएल/16/खुली/2022–23**

**क्र.सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (I) डीएफसीसीआईएल संरेखण के कारण बंधुआ से गोमो में उपयोगिता स्थानांतरण के संबंध में वारंटी के बाद 3 साल की एएमसी के साथ कोडरमा में लिफ्टों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमशीनिंग (II) स्टेशनों पर 10 लिफ्टों के प्रावधान @2 लिफ्ट प्रति स्टेशन (धनबाद, गोमो, पारसनाथ, डाल्टनगंज, सिंगरौली) का शेष कार्य। (कार्य समापन अवधि:छः माह)। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,11,85,470.00 **3. बिड सिक्युरिटी:** रू. 2,05,900.00 **4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 15.09.2022 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 15.09.2022 को 11:00 बजे के बाद। **5. वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00893/डीएचएन/ईजेन/टी/22–23/32


### आजसू पार्टी के द्वारा सात सूत्री मांगों को लेकर 29 अगस्त को प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>



**खरौंधी(गढ़वा)।** वर्षा के अभाव में सूखे का सामना कर रहे खरौंधी प्रखंड को अविलंब सुखाड़ से निबटने और किसानों को राहत प्रदान करने की मांग को लेकर आजसू पार्टी की प्रखंड इकाई खरौंधी द्वारा 29 अगस्त सोमवार को प्रखंड कार्यालय खरौंधी के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया जाएगा। आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। गोरखनाथ चौधरी ने बताया की खरौंधी प्रखंड में कई समस्या व्याप्त है जिससे आमजनों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए आजसू पार्टी के तत्वावधान में सात सूत्री मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर सरकार से प्रखंड में व्याप्त समस्याओं के समाधान की तत्काल मांग की जाएगी। जिसमें क्रमशः प्रधानमंत्री आवास योजना में जॉब कार्ड मिस मैच के कारण लंबित आवास को तत्काल जॉब कार्ड सुधार करते हुए लाभुकों को आवास उपलब्ध कराई जाए। मनरेगा योजना में लंबित मजदूरी एवं सामग्री मद की राशि तत्काल भुगतान किया जाय एवं अकाल एवं सुखाड़ के मद्देनजर तत्काल नया योजना यथा सिचाई कूप,सेड,तालाब रोड, नाली,मिट्टी मोरम पथ आदि योजना प्रारंभ कर आमजनों को राहत पहुँचाई जाय सहित अन्य मांगे शामिल है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आजसू पार्टी के राज्य एवं जिला के वरीय पदाधिकारी भाग लेंगे।

### ताली गांव में मुखिया मुंगा साह ने मेडिकेटेड मच्छरदानी का किया वितरण

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव में ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से 635 मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण किया। मच्छरदानी वितरण मुखिया मुंगा साह ने किया। इस अवसर एमपीडब्ल्यू विरेन्द्र मिश्रा ने ग्रामीणों को मेडिकेटेड मच्छरदानी लगाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की मेडिकेटेड मच्छरदानी का उपयोग करने से मलेरिया बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा की इस मच्छरदानी को लगाने से पुर्व 4 घंटा तक खुले स्थान पर रखें। मेडिकेटेड मच्छरदानी को डिटर्जेंट पाउडर या गर्म पानी से धोना नहीं है,न ही धूप में सुखाना है। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की चुनाव से पुर्व मैंने मतदाताओं से वादा किया था की चुनाव जितने के बाद ताली गांव के लोगों के बीच मच्छरदानी वितरण करूंगा,आज वो चुनावी वादा पुरा किया।धीरे धीरे सभी वादों को मैं पुरा करूंगा।इस मौके पर एमपीडब्ल्यू बिकास कुमार, विरेन्द्र मिश्रा, अशोक कुमार, एमटीएस विद्यानंद प्रजापति, एएनएम सुलेखा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया ऊषा देवी,शिलवंती देवी, मणिलाल गुप्ता,बलराम साह,, अशोक साह, दिनेश साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मंदिर विकास समिति की बैठक, कमिटी का गठन

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण में मंदिर विकास समिति की बैठक हुई। उक्त बैठक में शारदीय नवरात्र में श्री राम महायज्ञ का सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श और मां चतुभुर्जी मंदिर का गुबंद का जीर्णोद्धार, मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना, बजरंग बली मंदिर की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर चर्चा हुई और यज्ञ कमिटी गठित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ का सफल आयोजन के लिए कन्हाई प्रसाद को अध्यक्ष, विमलेश पासवान उर्फ गुडन पासवान को सचिव, धीरज कमलापुरी को कोषाध्यक्ष, ज्वाला कमलापुरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद और विधायक प्रतिनिधि विकर्मा सिंह को संरक्षक बनाया गया है। श्रीं राम महायज्ञ 26 सितम्बर कलशयात्रा के साथ शुरू होगा और 4 अक्टूबर को भंडारा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा रात्रि आठ बजे से रासलीला का कार्यक्रम होगा। मौके पर जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि हेमंत पाठक, विकर्मा सिंह, पंकज सिंह,कन्हाई प्रसाद, मुंगा साह, गुडन पासवान, मणिलाल गुप्ता, विकास सिंह,विजय कुमार गुप्ता, कुंदन प्रसाद, प्रमोद मेहता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बरसोती गांव में जर्जर आवास की छत गिरने से एक महिला की मौत

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>



**धुरकी।** जर्जर आवास की छत की कुछ हिस्सा गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के बरसोती गांव के सुकनी कुंअर 67 वर्ष अपने तिस वर्ष पुराने इंदिरा आवास मे सोमवार को दुपहरिया में गहरी नींद मे सोई हुई थी। उसी समय जर्जर आवास के करीब तीन चार फीट छत की ढलाई टूट कर उसके ऊपर गिर गयी। जिसे उसे गहरी चोट लगने से बेहोश हो गयी। उसे इलाज के लिए गढ़वा ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दी। बताया कि सुकनी बहुत गरीब महिला थी। इसके पति की भी मृत्यु पांच वर्ष पहले ही हो गयी है। इधर इसके परिवार मे एक पुत्र गुटू भुईआ है। जिसके सर से माता-पिता का साया उठ गया। जिससे गुटू के ऊपर मुसीबत खड़ी हो गयी। इधर गुटू को 4 साल पुर्व पीएम आवास का लाभ मिला है। जो गरीबी के कारण पैसे के अभाव में आवास निर्माण नहीं कर पाया है। जिस वजह से गुटू अपने मां के साथ पुराने ही जर्जर भवन में रहा करता था। इधर घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने पंचायत सचिव को भेजकर घटना की पूरी जानकारी ली एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर सरकार से मिलने वाला सरकारी लाभ दिए जाने की घोषणा की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई०पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 पुर्ननिविदा संख्या–03/2021-22/RDD/NREP/PALAMAU (Re-Tender)

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम तमदगा में उ0म0वि0 से बिगु सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | नावाबाजर | 22.98000 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 2rd call Re-Tender 04/2021-22/ EE/RDD/ NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–25.08.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–03.09.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 05.09.2022 अपराहन 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.09.2022 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्क:– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त जमानत की राशि देनी होगी (i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा (i) 20% से अधिक Below का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु होगा।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम
मेदिनीनगर, पलामू

PR 276221 NREP (22-23)_D


# सरकारी दुकान में स्टॉक समाप्त, क्षेत्र में अधिक मूल्य पर शराब की भरमार

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**रमना।** सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद से ही बीयर और अन्य कई नामी-गिरामी ब्रांड की शराब 180ML, 375 एमएल की कालाबाजारी बढ़ गई है। दुकान में केवल 750टछ शराब ही बच रहा है। लोगों की शिकायत है कि सरकारी दुकान में स्टॉक आते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में उच्चे रेट लेकर धड़ल्ले से इसकी सप्लाई कर दी जा रही है। जहां सरकारी शराब दुकान में जाने पर ग्राहकों से एक बीयर पर अधिकतम बिक्री मूल्य से 10 से 20 रू अधिक वसूला जा रहा हैं। कालाबाजारी होने के बाद 160 की बीयर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 250 रुपए में खुलेआम बिक रही है। ग्राहकों को बताया जा रहा है कि सरकारी दुकान से ही उन्हें एक बीयर पर एमआरपी से 20 अधिक कीमत देने पड़ रहे हैं ऐसे में सरकारी दुकान में बैठने वाले कर्मी जमकर अपनी जेब गर्म कर रहे हैं सरकारी दुकान से भी ग्राहकों को 10 से 20 अधिक देकर गर्म बीयर खरीदना पड़ रहा है। इस संबंध में कुछ भी पूछे जाने पर सरकारी शराब दुकान में कार्यरत कर्मी सीधे मुंह जवाब नहीं देते।

अंग्रेजी और देशी शराब बिक्री के लिए इस क्षेत्र मे अनुज्ञप्ति प्राप्त एक देशी और एक विदेशी दुकान खुला हुआ है। इसके अलावे प्रखंड के हर गांव-मुहल्ला में अवैध दुकानें खुली हैं। प्रखंड में शराब बेरोक-टोक धड़ल्ले से बिक रही है, जिसका नतीजा यह है कि लोग जमकर नशा कर रहे हैं। इस कारण कई परिवार टूट रहे हैं तो वहीं वाहन दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। मुख्य बाजार हो या मुख्य सड़क हर जगह-जगह अवैध शराब की दुकाने खुलेआम चलाये जा रहे हैं और अवैध शराब दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही इस तरह शराब बिक्री को देखकर भी आबकारी पुलिस मुकदर्शक बनी है। आबकारी पुलिस को इसकी जानकारी होने के बाद भी अवैध रूप से शराब कारोबार करने वालो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्र में देशी एवं अंग्रेजी शराब बेचने के दुकान शहरी क्षेत्र के अंदर ही होता है, जिसकी नियम-शर्तें आबकारी विभाग को बखूबी मालूम है और दुकान क्षेत्र के अंदर ही शराब बिक्री करने का प्रावधान रखा गया है,'सीमा के बाहर नहीं और वो भी एक स्थान से यानी की दुकान से ही शराब की बिक्री होता है, लेकिन शराब की दुकानों से तो शराब बीना समय निर्धारण के अपने हिसाब से बेची जा रही है।



### कारोबारियों की मनमर्जी

इस क्षेत्र में आबकारी विभाग का कोई भी नियम शर्तें नहीं चलता,यहां पर अवैध कारोबारियो का मन–मर्जी चलती है,ऐसा क्यों इसका कारण तो मौनी बाबा ही बता सकते हैं। जिसके कारण आज हर गांव में अवैध रूप से शराब की छोटी–छोटी दुकानें खोलकर गैर कानूनी ढंग से धड़ल्ले से शराब की बिक्री हो रही है। कोई रोकने–टोकने वाला नहीं है। इस प्रकार चारो तरफ खुलेआम हो रही अवैध शराब बिक्री से नाबालिक युवा भी इसके आदि हो गये हैं,दिन दोपहर और शाम को जमात में जहां–तहां शराब का सेवन करते मिल जायेंगे।

### क्या कहते है स्थानीय ग्राहक

वहीं कई ग्राहकों ने यह भी बताया कि 1 से अधिक बियर मांगने पर नहीं मिल रहा है। कर्मियों के द्वारा एक बियर से ज्यादा का कोटा नहीं बताया जा रहा है एक व्यक्ति को एक से अधिक देने से मना कर दिया जा रहा है। रमना में शराब दुकान का शुरूआत 07 मई को किया गया था। सरकारी शराब दुकान में बीयर का स्टॉक आने के दूसरे दिन ही दुकान से बियर का स्टॉक खत्म हो जा रहा है कई ग्राहकों कहना है कि जब भी दुकान में जाते हैं एक ही बात सुनने को मिलता है कि स्टॉक नहीं है जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊंची रेट लेकर बियर एवंम शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है। इससे ग्राहकों को मजबूरी में एमआरपी से ऊंचा रेट देकर खरीदना पड़ता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0 पुर्ननिविदा संख्या–06/2021-22/RDD/NREP/PALAMAU**

**Re-Tender**

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | ग्राम–भड़गांवा में राजकुमार राम के घर से पिड़रा मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | चैनपुर | 23.768 | 48000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 04/2021-22/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–25.08.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–03.09.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 05.09.2022 अपराहन 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.09.2022 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्क:– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त जमानत की राशि देनी होगी (i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा (i) 20% से अधिक Below का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु होगा।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 276218 NREP(22-23).D

## जलडेगा में वन विभाग ने बांटा दो लाख 57 हजार 520 रुपये मुआवजा



**जलडेगा।** मंगलवार को परबा पंचायत भवन में कैंप लगाकर जंगली हाथियों द्वारा किये गये फसल नष्ट एवं मकान क्षति ग्रस्त के मुआवजा राशि का वितरण किया गया। इस दौरान कोलेबिरा वन क्षेत्र के 44 लाभुकों के बीच 2 लाख 57 हजार 520 रुपये का वितरण किया गया। मौके पर परबा पंचायत की मुखिया बिमला देवी ने कहा कि मुआवजा देकर वन विभाग अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है लेकिन ये जंगली हाथियों से मुक्ति का समाधान नहीं है। वन विभाग और प्रशासन को फसल की बबार्दी एवं मकान क्षतिग्रस्त पर रोक लगाने के लिए सकारात्मक कदम उठाने होंगे। अन्यथा लोगों को हाथी के आतंक से मुक्ति नहीं मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी जंगल नहीं उजाड़ने व जंगलों का संरक्षण करने की अपील की।ज्ञात हो की वन विभाग द्वारा पहले चेक के माध्यम से मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता था, जिसके वजह से कई लाभुक अपना पैसा क्लियर नही करा पाते थे, पीड़ितों द्वारा या मामला उतने के बाद व्यवस्था में सुधार किया गया है, अब पीड़ितों को उनका मुआवजा राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है।

## नव पदस्थापित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने कृषक मित्रों के साथ बैठक की

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को नव पदस्थापित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमरेन्द्र प्रसाद ने कृषक मित्रों के साथ बैठक की। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि पशुपालन से लेकर हर क्षेत्र में आम जनता तक लाभ पंहुचाने को लेकर कृषक मित्रों का सहयोग लिया जाता है यह बहुत बड़ी बात है, इसलिए हम सबको मिलकर मिलकर काम करने की जरूरत है ताकि कोई भी योजना चाहे, किसान गोष्ठी, टपकन बिधि लगवाना, मृदा जांच, केसीसी ऋण, बीज वितरण, पम्पसेट वितरण,पीएम किसान सम्मान निधि योजना, झारखण्ड राज्य फसल योजना हो अन्य कोई भी कार्य हो उसे निर्धारित समय तक पूर्ण किया जा सके। उपस्थित कृषक मित्रों ने भी पूरा सहयोग के साथ काम करने की बात कही। काम के समय आने वाली समस्या से भी अवगत कराया। इस मौके पर शमीम अंसारी, प्रतिमा देवी, फुलमनी उरांव, रामनाथ उरांव, कुश कुमार सिंह, राजनारायण सिंह, कुंवर साहू, एम तिवारी, समियूल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## शाहपुर पंचायत समिति सदस्य विक्षित वृद्ध महिला को पहुंचाया अस्पताल



**कोलेबिरा।** प्रखंड के शाहपुर पंचायत अंतर्गत शाहपुर राजस्व ग्राम में एक अर्ध निर्मित प्रधानमंत्री आवास में विगत कई दिनों से एक अनजान महिला पड़ी हुई थी। जिसे शाहपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शिवा बड़ाईक ने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस के माध्यम से उस वृद्ध महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इसकी सूचना कोलेबिरा थाना को भी दी गई। इस महिला कि पहचान नहीं हो पायी है ना ही इनके किसी रिश्तेदार की कोई जानकारी मिल पा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा उनका नियमित जांच करके सदर अस्पताल सिमडेगा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस सूचना के माध्यम से अगर कोई सगा संबंधी या कोई पहचान वाले हो तो सिमडेगा सदर थाना में जाकर के संपर्क कर सकते हैं कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृद्ध महिला को देखने के बाद कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कुछ दिन पहले यह महिला कोलेबिरा मुख्य चौक में भी भटकती हुई दिखी थी।

## झारखंड राज्य राहत फसल योजना की दी गयी जानकारी



**लोहरदगा।** जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति ने सहायक सहकारिता प्रसार अधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सभी लैम्प्स के अध्यक्ष/प्रबंधक के साथ बैठक किया। बैठक में सभी लैम्प्स को वर्ष 2021-22 का ऑडिट एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला को खरीफ फसल अंतर्गत उपलब्ध वैकल्पिक फसल के बीज की जानकारी दी गयी। बीते वर्ष की बीज की राशि जो लैम्प्स में जमा है उसे वापस करने का निदेश दिया गया। प्रखंडों में 500 एमटी, 100 एमटी और 30 एमटी के कोल्ड स्टोरेज के लिए प्रस्ताव दिए जाने का निदेश सभी लैम्प्स के अध्यक्ष को दिया गया। सभी लैम्प्स से धान अधिप्राप्ति की राशि के कमीशन के लिए प्रस्ताव मांगा गया। सभी को झारखंड राज्य राहत फसल योजना की जानकारी दी गयी और आवश्यक निदेश दिए गए।

## डोभा में गिरकर डूबने से युवक की हुई मौत



**बांसजोर।** बासजोर थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगापानी करम टोली गांव में डोभा डूबने से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान गांव के सनीचर बाघवार के रूप में हुई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद घटना की सूचना मिलने पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार करम टोली निवासी शनिचर बाघवार सोमवार को डोंगापानी बाजार गया था और वहीं से शराब का सेवन कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में डोभा में पैर फिसलने से वह गिर पड़ा जिसके बाद डूबने से उसकी मौत हो गई। इधर सदर अस्पताल शव लाने के बाद जिप सदस्य बांसजोर समरोम पौल तोपनो पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। तथा हरसंभव पीड़ित परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### डीसी ने कैरो व पेशरार प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की, कहा

# लंबित पीएम आवास को शत-प्रतिशत पूर्ण करायें

- जो ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सेवक बेहतर कार्य नहीं रहे हैं, उन्हें प्रदर्शन सुधारने का दिया निदेश
- सभी पंचायतों की वर्तमान स्थिति में एक माह के भीतर 20 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का दिया निदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को कैरो और पेशरार प्रखण्ड में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कैरो प्रखंड की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की गई। जो ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सेवक बेहतर कार्य नहीं रहे हैं, उन्हें प्रदर्शन सुधारने का निदेश दिया गया। लंबित आवास 100 फीसदी पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। वर्ष 2016-21 के लंबित आवासों की समीक्षा उपरांत सभी आवासों को एक माह के भीतर 100 फीसदी पूर्ण किये जाने और योजनाएं पूर्ण कर अभिलेख बंद किये जाने का निदेश दिया गया।

मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस की समीक्षा में उपायुक्त द्वारा सभी पंचायतों की वर्तमान स्थिति में एक माह के भीतर 20 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का निदेश दिया गया। आधार सीडिंग कार्य में डुप्लिकेट जॉब कार्ड की सूची को दो दिन के भीतर जांच करने और लंबित आधार सीडिंग पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

पेशरार प्रखंड की समीक्षा में पेशरार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अतर्गत खराब उपलब्धि हासिल करने वाले पंचायतों में आवास योजना नवंबर माह तक 100 फीसदी पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार वर्ष 2016-21 तक में अपूर्ण आवासों को दो माह के भीतर पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, योजना पूर्ण कर अभिलेख बंद किये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि दो दिनों के भीतर सभी ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सेवक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) योजना का अध्ययन कर लें और इससे संबंधित एक सारांश अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दें। भविष्य में जल संवर्द्धन से संबंधित योजनाओं में इसी योजना से चयन किया जायेगा।

बैठक में मनरेगा अंतर्गत लेबर एंगेजमेंट, प्रति ग्राम संचालित योजना, बिरसा हरित ग्राम, एरिया अफसर एप में क्षेत्र भ्रमण की विवरणी का उल्लेख करना, योजनाओं की जियो टैगिंग, दीदी बाड़ी योजना, आंगनवाड़ी निर्माण केंद्र, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पशु शेड, कुआं, जेएसएलपीएस के द्वारा किये जा रहे कार्यों आदि योजनाओं की समीक्षा की गई व निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी सन्नी कुमार दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश यादव, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना जिला समन्वयक केके गुप्ता, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, दोनों प्रखण्डों के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक समेत अन्य उपस्थित थे।

### आफत में अवसर

## बारिश के बाद तालाब में मछली पकड़ने के लिए आने लगे लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे आफत तूफान एक तरफ बबार्दी लेकर आया वहीं मछली मारने वालों की चांदी की लॉटरी निकली। कहावत हैं की झक मारना यथार्थ मछली मारना एक बहुत मुश्किल और धैर्य संयम वाला इंसान ही कर सकता हैं। जब वर्षा ऋतू मे मौसम अंगड़ाई लेने लगती हैं और बारिश के साथ आँधी तूफान के साथ बारिश होने लगती हैं तभी मछली चारा खाने तालाबों के किनारे आते हैं और यही मछली मारने वाले बगुला की तरह डांग बंसी से मछली मारने के लिए चारा डालते हैं और चारा के चककर मे फंस जाते हैं मछलियां। लोहरदगा के बड़ा तालाब जिसे विक्टोरिया टैंक भी बोला जाता हैं उसे अंग्रेजों ने भारतीय कैदियों से कुड़वा कर बनाया गया था, वहां आफत की आंधी तूफान बारिश मे डांग बंशी लगाने वालों की ऑखें अर्जुन की तरह मछलियों पर टिकी रही, और जगह जगह मछली मारने वाले नजर आये।

दृश्य भले दर्शनीय या आकर्षक नहीं हैं लेकिन मछली मारने वालों की दिल और दुनिया मे बस मछली ही नजर आते हैं। वर्षा ऋतू मे जब आसमान मे बादल छाए रहते हैं तभी मछली ज्यादा डांग बंशी मे फांसते हैं और खुशी होती हैं की अर्जुन की तरह बाजी मार लिया लेकिन कुछ डांग बंशी वालों की किस्मत खराब भी होती हैं की उन्हें आसमानी बारिश मे मछली फंसती नहीं हैं। लेकिन गजब का दृश्य होता हैं कितना लोगों की नजरें अपनी डांग बंशी की फुही पर ही नजरें टिकाये देखना बहुत आकर्षक और दिल को छू लेने वाली होती हैं।

## ऑटो पलटने से एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंडाटोली के समीप ऑटो पलटने से एक ही परिवार के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बोलबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से सिमडेगा रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मालसाड़ा बरटोली निवासी पुनीता कुजुर अपने चार बच्चों के साथ गांव के ही ऑटो में बैठ कर बोलबा अपने मायके आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में ऑटो चालक अपना ऑटो से नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पूरी तरह से पलट गई। पलटने के कारण ऑटो में सवार सभी पांचों को चोट आई जिसे स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया कि इस घटना में पुनीता कुजूर का हाथ टूट गया है, जबकि उसकी 5 वर्षीय बेटी सुजाता कुजूर का भी पैर टूट गया है वहीं उसके डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे के माथे में चोट आई वहीं दूसरी बेटी सुजीता कुजुर उसकी बेटी के हाथ पर चोट आई है। एवं उसके बेटे को भी चोट आई सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रही है।

### पूज्य जया किशोरी का श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

## ऐतिहासिक, शानदार और भव्य होगा : धीरज प्रसाद साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा के साहू भवन में धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता मे जया किशोरी का श्रीमद भागवत कथा वाचन का कार्यक्रम का आयोजन के सिलसिले में शहर के गण्यमान्य सज्जनो के साथ एक आवश्यक बैठक किया गया। इस अवसर पर शहर के गण्यमान्य लोगों द्वारा सुझाव आमंत्रित किया गया की गत वर्ष दिनांक 15 दिसंबर 2021 से 17 दिसंबर 2021 तक भव्य और शानदार आयोजन किया गया था जिसमे महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही थी उस कार्यक्रम मे कहीं कोई त्रुटि हों या और बेहतर करने हेतु लोगों का बहुमूल्य सुझाव आया जिसमे प्रमुख रूप से राजेंद्र खत्री ने बताया की गलतियां ढूंढने लगेंगे तो अच्छाइयां समाप्त हों जाती हैं लोग गलतियां ही ढूंढ़ते हैं अच्छाई नहीं। वही अरुण राम संजय बर्मन, राहुल कुमार ने गत वर्ष समाचार पत्रों में आया बहुमूल्य संकलन धीरज प्रसाद साहू को समर्पित किया गया और आगे कार्यक्रम अच्छा बने उसका सुझाव दिया। सुझाव देने वालों मे मनोज जायसवाल देवाशीष कार, बिजय अग्रवाल, निशीथ जायसवाल, सूखैर भगत, आशीष कुमार, भाष्कर दास गुप्ता, किशोर कुमार वर्मा, लखन राम मांझी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इन सुझावों को फलाफल मे लाते हुई सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव ने विस्तृत रूप रेखा का खाका लोगों के समझ रखा जिसे सभी लोगों ने ध्वनिमत से स्वीकार किया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद धीरज साहू ने कहा की पूज्य जया किशोरी स्वयं लोहरदगा आने का निमंत्रण दी हैं और उन्होंने गत वर्ष का कथा वाचन नानी जी का मायरो था लेकिन इस बार श्रीमद भागवत कथा का वाचन करेंगी, कार्यक्रम ऐसा होगा की लोहरदगा जिला मे ऐतिहासिक और शानदार तथा भव्यता के साथ किया जायेगा पूरा लोहरदगा भागवत मय होगा सारे शहर मे झंडा पटाका के साथ आयोजन किया जायेगा, जिसमे दलगत भावना से उठ कर भक्तिमय कार्यक्रम मे सबकी भागीदारी सुनिश्चित हों और सबों से आग्रह होगी की आपका ये कार्यक्रम हैं पूरे जिला का कार्यक्रम हैं इसलिए सबकी सहभागिता होने की आशा करता हूँ। इस अवसर पर अशोक यादव, सूखैर भगत, निशीथ जायसवाल, देवाशीष कार, संजय बर्मन, आशीष कुमार, कैलास केसरी, सतीश वर्मा, डाबला, अलोक रॉय, मुकेश दुबे, देसराज गोयल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### कुडू में संचालित विकास संबंधी योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक

## लंबित आवासों का निर्माण 15 दिसंबर तक पूर्ण करने का निदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू - लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को वरीय प्रभारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी लोहरदगा नारायण राम की अध्यक्षता में प्रखण्ड में संचालित विकास संबंधी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की समीक्षा उपरांत कुडू प्रखंड के सभी पंचायतों की वर्तमान स्थिति में 20 प्रतिशत और अधिक सुधार अगामी 15 सितंबर तक करने और जहां मानव दिवस सृजन कम है वहां जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। वहीं पीएम आवास (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 के लंबित आवासों के निर्माण का कार्य सभी पंचायतों में दिनांक 15 दिसंबर तक पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। सभी पंचायतों में आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर वरीय प्रभारी नारायण राम ने निर्देश दिया कि प्रखंड मुख्यालय, बैंक और पंचायत भवन में प्रत्येक माह की 08 तारीख को शिविर लगाया जाय। प्रखण्डों में जहां पेंशन संबंधित, रूका हुआ पेंशन से संबंधित शिकायत, पासबुक अपडेट से संबंधित कार्य किये जायें, वहीं पंचायत भवनों में यही सुविधा दी जाय। बैंकों में ऋण, केसीसी ऋण व बैंकिंग संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जाय। इसका प्रचार-प्रसार कराया जाय मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार के अलावा प्रखण्ड समन्वयक पीएम आवास, सभी पंचायत सेवक, सभी रोजगार सेवक, सभी स्वयं सेवक आदि उपस्थित थे।

### पठारी इलाकों में नक्सलियों के विरुद्ध चलाया छापामारी अभियान

## ग्रामीणों से मिले एसपी आर रामकुमार बुनियादी समस्याओं से कराया गया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक, आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिले के अति उग्रवाद प्रभावित इलाके पेशरार थाना के ग्राम चैनपुर, होनहे, केरार, बुलबुल सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक, आर रामकुमार ग्रामीणों से मिलकर उन्हें अपनत्व का अहसास कराया। ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा जल्द ही उनके समाधान के संबंध में आवश्यक करवाई का भरोसा दिया गया। इस क्रम में ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। एसपी ने मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में लौटने के लिए अपील किया है। कहा कि नक्सली ऑपरेशन नई दिशा के तहत सरेंडर करके अपने नए जीवन की शुरूआत कर सकते है। सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ उठाने के लिए संबंधित थाने के थाना प्रभारी, एसडीपीओ, एएसपी, डीएसपी से संपर्क कर सकते हैं। अभियान में पुलिस अधीक्षक, आर रामकुमार, पुलिस उपाधीक्षक, अभियान दीपक पांडेय, थाना प्रभारी, पेशरार एवम सैट के जवान शामिल थे।

### बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा पर हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

# विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना में मिली भारी गड़बड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**




**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा पर सोशल ओडिट के तहत सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जूरी टीम के द्वारा एक एक पंचायत का फाइल देखा गया। जिसमें कई गड़बड़ियां सामने आया। मालसाडा पंचायत में अधिक भुगतान का मामला सामने आया। बेहरीनबासा में ग्राम सभा में बिना पारित किए हुए 20 योजनाओं का काम शुरू किया गया है कादोपानी पंचायत के फाइल एवं एमवी कनीय अभियंता का हस्ताक्षर भी नहीं है यहां 25 योजनाओं पर 15 रुपये की दर से जुर्माना लगाया गया है। एमवी में जेई एवं एई का हस्ताक्षर भी नहीं है। कादोपानी पंचायत में काम किए गए मजदूरों को भुगतान नही किया गया है के 54 फाइल जप्त किया गया है। एक फाइल में एक हजार जुर्माना किया गया है। रोजगार सेवक को 690 रुपए जुर्माना लगाया गया है। बलियाजोर में काम किए मजदूरों को मजदूरी भुगतान नही किया गया है। 35 फाइल में प्रशासनिक स्वीकृति नही मिली है पीड़ियापोंछ पंचायत में शंखू माँझी को मेडबन्दी योजना का 21725 रुपये बकाया होने का शिकायत पाया गया। 1600 जुर्माना लगाया गया है साथ ही एमवी जमा करने का निर्देश दिया गया है। ग्राम सभा का रजिस्टर क्लोज नहीं किया गया है बिना ग्राम सभा मे पास किए योजना शुरू किए जाने का शिकायत मिला है बिना प्रशासनिक स्वीकृति के काम चलने का शिकायत भी सामने आया है। स्टेट सोशल ऑडिट टीम के बृजेश कुमार ने बताया कि कानून का उलंघन करने पर दण्ड लगाया जा रहा है। जिसमे सचेत होना है प्रावधान के अनुसार रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जेई एवं एई को जुमार्ना लगाया गया है प्रावधान के अनुसार एफआईआर भी किया जा सकता है। उन्होंने जॉब कार्ड के संबंध में बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर जॉब कार्ड की माँग करता है तो उन्हें देना है। उसका उम्र चाहे 80 वर्ष क्यो न हो। इसके साथ उन्हें बच्चों को देख रेख करना, पानी पिलाना आदि हल्का काम दिया जाना है। जॉब कार्ड नही देना कानून के खिलाफ है। सोशल ऑडिट टीम के लोकपाल पुष्पा कुमारी ने बताया कि वर्ष 2020-21 का पंचायत में जाकर ऑडिट किया गया। जो सम्पुष्ट नही हो सका उन्हें प्रखंड स्तर पर देखा जा रहा है। ऑडिट में कई कमियां पाई गई जिसमें फाइल जो कागजात होना चाहिए नहीं है। तत्कालीन रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जेई आदि पर प्रावधान के अनुसार जुमार्ना लगाया गया है साथ ही जिला स्तरीय जन सुनवाई तक फाइल पूरा कर लेने का निर्देश भी दिया गया है। इस मौके पर प्रमुख सुनीता केरकेटा, बीपीओ संगीता देवी, एई लव बड़ाईक, जेई राजा कुजूर, मुखिया शशिकला तिर्की, सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, रोजगार सेवक राहुल सिंह, बिरोजनी केरकेट्टा, अरुण बड़ाईक, बंशीधर सिंह, मोतीराम सेनापति, करलूस सीरेंग, सुभाष बड़ा, एमएल डुंग डुंग एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## खरवागाढ़ा और तुरुपडेगा में ग्रामीणों को दी गयी सरकारी योजनाओं से जुड़ाव की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत के खरवागाढ़ा राजस्व गांव में लीड्स संस्था के तत्वाधान में एसएचजी लिंकेज सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को महिला मेठ बनने और मनरेगा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा महिलाओं को आम बागवानी, पशु शेड आदि योजनाओं को लेकर आमदनी बढ़ाने और स्वरोजगार से जुड़ने के लिए भी बताया गया। वहीं मनरेगा में 90 दिन से अधिक काम करने वाले मजदूरों को श्रम विभाग में निबंधन करने और श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए कहा। साथ ही गांव के स्कूलों में महिलाओं से स्कूल में भागीदारी बढ़ाने और बच्चों को नियमित स्कूल भेजने, गांव में हड़िया और शराब नहीं बनाने की अपील करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया गया। वहीं टाटी पंचायत के तुरूपडेगा में लिंकेज सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं को एकीकृत खेती करने, मुर्गी, बकरी, सुकर पालन करने और आजीविका बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैंक लिंकेज करने और ऋण लेकर व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं मनरेगा, राशन कार्ड, आवास, सामाजिक सुरक्षा से मिलने वाली योजनाओं को भी बताया गया। इस दौरान कोनमेरला पंचायत की उप मुखिया मगदली तोपनो, ग्राम सभा अध्यक्ष मनसिद्ध तोपनो, संस्था के कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार, संस्था के कार्यकर्ता जोसेफ लुगुन और कलिंद्र प्रधान उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

# जागरूकता है हथियार..

झारखंड में साइबर अपराध चरम पर है। पलामू भी इससे अछूता नहीं है। पिछले दिनों छत्तरपुर के एक युवक से 35000 रूपये झटक लेने का मामला सामना आया था। इस बाबत साइबर थाना प्रभारी ने कहा कि इससे बचने का एक ही रास्ता है जागरूकता। ऐसे में इन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बड़ी कवायद करने की तैयारी की जा रही है। राज्य पुलिस ने तकरीबन 40 कुख्यात साइबर अपराधियों की संपत्ति का ब्यौरा तैयार किया है। साइबर अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ ईडी से पत्राचार किया गया है, ताकि उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के संगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सके। राज्य पुलिस के पास संपत्ति जब्ती का अधिकार नहीं होता, लेकिन ईडी पीएलएमए के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर सकती है। ऐसे में राज्य सीआईडी ने देवघर, जामताड़ा समेत अन्य जिलों के चिन्हित बड़े साइबर अपराधियों की सूची तैयार की, इसके बाद उनके द्वारा अर्जित अचल संपत्तियों का भी पता लगाया गया है। सीआईडी ने पूरा विवरण पुलिस मुख्यालय को भेजा था। इसके बाद इस संबंध में राज्य पुलिस मुख्यालय ने पत्राचार किया है। बीते माह केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधिकारियों के दल ने देवघर, जामताड़ा में साइबर अपराध प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। इस दौरे के बाद साइबर अपराध प्रभावित इलाकों को लेकर विशेष कार्ययोजना पर भी काम शुरू हुआ है। गृह मंत्रालय की टीम ने दौरे के बाद राज्य पुलिस के आला अधिकारियों से भी मुलाकात कर कई जानकारियां शेयर की थीं। राज्य में पूर्व में भी साइबर अपराधियों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग की कार्रवाई ईडी ने की थी। साल 2020 में ईडी ने जामताड़ा के कुख्यात साइबर अपराधी प्रदीप कुमार मंडल, पिंटू मंडल, अंकुश कुमार मंडल, संतोष मंडल और गणेश मंडल के मिरगा गांव में तीन अचल संपत्तियों, चार वाहनों के साथ बैंक में जमा रकम जब्त की थी। जामताड़ा के नारायणपुर थाना में प्रदीप मंडल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ 22 जुलाई 2016 को मामला दर्ज किया गया था। इस दर्ज केस में चार्जशीट के आधार पर ईडी ने केस टेकओवर किया था। ईडी ने जांच में पाया है कि साइबर अपराधी प्रदीप मंडल ने साइबर फ्रॉड कर काफी संपत्ति अर्जित की है। राज्य के जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, धनबाद जिले से साइबर अपराध को सर्वाधिक अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराध से प्रभावित इलाकों में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए साइबर हब बनाने पर जोर दिया जा रहा है। साइबर अपराध में कम पढ़े-लिखे युवा ज्यादा सक्रिय हैं, ऐसे में इन युवाओं को साइबर से जुड़ी नौकरियों में कैसे जोड़ा जाये इसे लेकर भी योजना पर काम किया जा रहा है। बहरहाल ऐसे भटके युवा जहां अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी से अच्छा खासा पैसा जुगाड़ करते हैं। वहीं बैंक का टीपी नं.बहलाकर मांग,पैसा डकार जाते हैं। साथ ही देश विरोधी मुहिम में भी इनकी भागीदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इन तत्वों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। सच देखा जाये तो ऐसे अपराधियों का देश और समाज से कोई वास्ता नहीं रहता है।

## आज का इतिहास

**1842 :** पिट्सबर्ग पोस्ट-गैजेट का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया।
**1851 :** न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया।
**1919 :** हॉलैंड में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ।
**1922 :** हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
**1926 :** अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत हुई।
**1947 :** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ।
**1950 :** अभिनेत्री शबाना आजमी का जन्?म हुआ।
**1961 :** तत्कालीन सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
**1967 :** नागालैंड ने अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
**1986 :** मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान बम्बई से गोवा के बीच उड़ाया।
**1988 :** बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
**1997 :** अमेरिका ने 'होलोग' नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
**2003 :** ढाका-अगरतला के बीच बस सेवा शुरू हुई।
**2008 :** शोभना भरतिया एच.टी. मीडिया की अध्यक्ष नियुक्त हुई।
**1598 :** नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
**1737 :** जॉर्ज-अगस्त विश्वविद्यालय गौटिंगेन में खोला गया।
**1761 :** कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
**1778 :** अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली फोर्ट पिट की संधि हुई।
**1787 :** फिलाडेल्फिया में संवैधानिक सम्मेलन द्वारा अमेरिका का संविधान अपनाया गया।
**1809 :** रूस और स्वीडन के बीच हामिना की शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
**1828 :** जापान के क्यूशू में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए।
**1871 :** मोंट कैनिस रेलवे सुरंग स्विट्जरलैंड में खोला गया।
**1934 :** तत्कालीन सोवियन संघ लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।

# अमृत काल की अनोखी चुनौती

> अविभाजित हिन्दुस्तान में पाकिस्तान की मांग को जोर-शोर से बढ़ावा देने वाले अधिकांशतः जमींदार थे। यही वजह है कि वहां भूपतियों का तिलिस्म आज तक खत्म नहीं हुआ, जबकि भारत में पांच साल के अंदर न केवल जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, बल्कि 1971 में राजे-रजवाड़ों के 'प्रिवी पर्स' भी खत्म कर दिये गये। दलितों, वंचितों को आगे लाने के लिए यहां सरकारी नौकरियों और विधायी संस्थाओं में पाकिस्तान के मुकाबले कारगर और पारदर्शी आरक्षण व्यवस्था लागू की गई। इससे शताब्दियों से पिछड़ते चले आ रहे लोगों को नई राहें मिलीं। पाकिस्तान में ऐसा नहीं हो सका, जबकि दोनों मुल्कों में पहले-पहल कानून मंत्री की कुरसी पर बैठने वाले दलित थे।

'ऐसा नहीं कि हमने तरक्की नहीं की, अलबत्ता, यह हकीकत अपनी जगह मौजूद है कि जिस तवज्जो व रफ्तार से हमें अपनी मंजिल को हासिल करना था, इसमें हमसे इज्तिमाई (सामूहिक) कोताहियां हुई हैं।' -पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुजरी 14 अगस्त को जब अपने वतन की 75वीं वर्षगांठ पर तकरीर कर रहे थे, तो उनके लहजे से गहरी मायूसी टपक रही थी। जो लोग पाकिस्तान के हालात जानते-पहचानते हैं, उन्हें कोई अचरज न था। हमारा सहोदर अपनी खोदी खाई की तली से जा चिपका है। हिन्दुस्तान में हालात और भावनाएं इसके ठीक विपरीत हैं। गुजरी 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के लंबे भाषण के इस अंश पर गौर फरमाइए- 'जब भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनायेगा, तब युवा, जो आज अपनी 20-25 वर्ष की आयु में हैं, वे 45 से 50 की उम्र में होंगे। आपके जीवन के आने वाले 25 वर्ष देश के संकल्पों को पूरा करने का समय है। मेरे साथ शपथ लो, इस तिरंगे की शपथ लो कि 100वीं वर्षगांठ पर हमारा देश एक विकसित राष्ट्र होगा।' जानने वाले जानते हैं। विभाजन के साथ पाकिस्तान को बेहतर जमीन और हालात मिले थे, फिर ऐसा क्यों हुआ? दरअसल, पाकिस्तान शुरू से एक संशयशील मुल्क रहा है। लोग अक्सर 'कायदे-आजम' मोहम्मद अली जिन्ना को 'सेक्युलर' बताते हुए उनके 11 अगस्त, 1947 के इस भाषण को उद्धृत करते हैं, 'आप सब मेरी इस बात से यकीनन सहमत होंगे कि हुकूमत का पहला फर्ज कानून का राज कायम करना है, ताकि राज्य अपने अवाम की जान, दौलत और धार्मिक आस्था की पूरी तरह हिफाजत कर सके।' हालांकि, जिन्ना साहब ने उससे पहले और बाद में कई बार यह भी कहा था कि अगर पाकिस्तान में शरिया कानून लागू हो जाए, तब भी क्या बुराई है? 1944 से 47 के बीच में उनसे जब भी पूछा जाता कि पाकिस्तान के भावी निजाम पर आपका तसव्वुर क्या है, तो वह डांटने-डपटने पर उतर आते। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत के दौरान भी उन्होंने कहा था, एक बार पाकिस्तान बन जाने दीजिये, तब देख लेंगे। उनके मुकाबले भारत के हुक्मरानों की नजर ज्यादा साफ थी। अविभाजित हिन्दुस्तान में पाकिस्तान की मांग को जोर-शोर से बढ़ावा देने वाले अधिकांशतः जमींदार थे। यही वजह है कि वहां भूपतियों का तिलिस्म आज तक खत्म नहीं हुआ, जबकि भारत में पांच साल के अंदर न केवल जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, बल्कि 1971 में राजे-रजवाड़ों के 'प्रिवी पर्स' भी खत्म कर दिये गये। दलितों, वंचितों को आगे लाने के लिए यहां सरकारी नौकरियों और विधायी संस्थाओं में पाकिस्तान के मुकाबले कारगर और पारदर्शी आरक्षण व्यवस्था लागू की गई। इससे शताब्दियों से पिछड़ते चले आ रहे लोगों को नई राहें मिलीं। पाकिस्तान में ऐसा नहीं हो सका, जबकि दोनों मुल्कों में पहले-पहल कानून मंत्री की कुरसी पर बैठने वाले दलित थे। बात यहीं खत्म नहीं होती। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को भारत में उनके योगदान के लिए 'अवतारों' जैसा दर्जा हासिल हुआ, जबकि वहां के पहले विधि मंत्री जोगेंद्रनाथ मंडल को अपमानित होकर भारत लौटने पर मजबूर होना पड़ा। वह कलकत्ता (अब कोलकाता) में एक गुमनाम मौत मरे। यही वजह है कि तमाम आरोपों के बावजूद भारत दलितों और अल्पसंख्यकों के हक-हुकूक के मामले में पाकिस्तान से कहीं आगे है। हमने तमाम झटकों के बावजूद धार्मिक स्वतंत्रता को कायम रखा और आज भी, जब अल्पसंख्यकों या वंचित समूहों पर कोई चोट होती है, तो सड़क से लेकर संसद तक गूंज जाया करते हैं। इस वैविध्य का एक कारण शायद यह भी है कि पाकिस्तान का लोकतंत्र सेना के रहमो-करम पर चलता है, हिन्दुस्तान में संसद और चुनी हुई सरकार ही नियामक है। पाकिस्तान ने एक और गलती की कि अपने उद्भव के साथ ही वह अमेरिका की गोद में जा बैठा। महाशक्तियां किसी की दोस्त नहीं होतीं, वे सिर्फ इस्तेमाल करती हैं। यही वजह है कि अमेरिकी हथियारों पर मदमाते पाकिस्तानी हुक्मरानों ने कभी भारत से 'हजार साल लड़ने की' कसम खाई, तो कभी हमें 'हजार जख्म देने' का नापाक इरादा पाला। आतंकवादियों को पालते-पालते पाकिस्तान खुद कब सेना, आईएसआई और दहशतगर्दों के गठबंधन का 'बंधक' बन गया, उसे मालूम ही नहीं पड़ा।

■ शशि शेखर

# नोट,वोट व चोट

बुल्डोजर फुटपाथ से कई दुकानें हटाने के बाद सुस्ता रहा था। सुस्ताए भी क्यों न! थोड़ी देर पहले ही उसे ग्रीस और ऑयल का शानदार भोजन जो मिल था। वह इससे पहले कि गहरी नींद में डूबता उसे धूल फांकती दुकानों की रुदाली ने उठा दिया। बुल्डोजर झल्लाकर उठा और दुकानों पर बरस पड़ा - यह हश्र करने के बाद भी तुम्हें शर्म नहीं आती। तुम्हें जमींदोज कर दिया फिर भी आवाज उठाने की आदत नहीं गई। लाख समझाया कि मजबूतों के सामने कमजोर गिड़गिड़ाने के लिए ही मुँह खोलता है। और तुम लोग हो कि उसी से लोहा ले रहे हो। एक दुकान ने कहा - जबड़ा तो आप पहले भी रखते थे, लेकिन दाँत तो अभी के निकले हैं। काटना बड़े लोगों का विधान है और कराहना छोटों का। आप मुँह खोले और हम अंगुली न रखें, तो भला आपको चबाने के लिए क्या मिलेगा? बुल्डोजर - जब इतने ही समझदार हो तो जमींदोज होने से पहले अपने मालिकों को समझा क्यों नहीं दिया। धोखा खाने के बाद ही आँखों का खुलना कब तक चलता रहेगा? आँखें केवल धोखा खाने और खुलने के लिए ही नहीं होतीं, बल्कि चिंतन-मनन करने के लिए भी होती हैं। दूसरी दुकान ने कहा - बात तो आपकी लाख टका सच है। ये पिचके हुए गालों वाले, अँतड़ियों से चिपके हुए पेटों वाले, व्यवस्था की आँखों में धंसने वाले और चपड़-चपड़ करने वाली लंबी जबान वाले हमारे मालिकों को कौन समझायेगा। वह बेवकूफ तो केवल इतना सोचता रहा कि पेट भरने के लिए कमाना पड़ता है। उसे कहाँ पता था कि कमाने से ज्यादा तलवे चाटना और पेट पर पड़ रही लात को अपना सौभाग्य समझना, आपसे बचने का मूलमत्र है। बुल्डोजर - बातें तो बड़ी समझदारी की करते हो, फिर यह अक्ल पहले कहाँ गयी थी? तब क्या तुम्हें लकवा मार गया था? तीसरी दुकान - अब क्या बताएँ भैया! हमारा मालिक संविधान का हर पन्ना बड़ी तबियत से चाटता था। चाटने का परिणाम यह हुआ कि वह जागरूक बन गया। अब उसे भला कौन बताये कि संविधान पढ़ने वाला ठीक उस उबाल की तरह होता है जो दूध के गर्म होने पर दिखाई देता है। ऐसे उफान को व्यवस्था पानी की चार बूँदें डालकर ठंडा कर देती हैं। उबाल आने में देर भले लगे, लेकिन ठंडा पड़ने में विलंब कतई नहीं होता। बुल्डोजर - इसीलिए तो कहता था पत्थर के नीचे हाथ हो, पागल के हाथ में चाबुक हो और अंधे के हाथ में सत्ता हो तो कभी नखरे नहीं करना चाहिए। संविधान की दुहाई, सड़कछाप दवाई का इस्तेमाल बेवकूफ करते हैं, समझदार सत्ता के साथ मिलकर सामान्यों की पिटाई करते हैं। कभी महंगाई तो कभी गरीबी, कभी लाचारी तो कभी बेरोजगारी के चाबुक से। पीटना एक का कर्म है, तो पिटवाना दूसरे का भाग्य। इस कर्म और भाग्य के चक्कर में पीसने वाला आम आदमी होता है जो वोट देने के सिवाय दूसरा कुछ नहीं जानता। नोट लेकर वोट देकर चोट खाने वाला ही आम आदमी कहलाता है। इतना कहकर एक हेडलाइट वाला अर्धअंधा बुल्डोजर ठेंगा दिखाकर सो गया।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

देवी बोलीं-हे श्रेष्ठ देवतागण! आपलोग यहांसे इतनी बड़ी स्तुति किसलिये कर रहे हैं? आपलोग इस प्रकार चिन्तासे व्याकुल क्यों हैं? मुझे अपना कार्य बताइये।।48।।

व्यासजी बोले- भगवतीका यह वचन सुनकर उनके रूप-वैभवसे मोहित श्रेष्ठ देवताओंका हृदय उत्साहसे परिपूर्ण हो गया, जिससे वे प्रेमपूर्वक उनसे कहने लगे।।49।।

देवता बोले-जगत्को नियन्त्रणमें रखनेवाली हे देवि! हम आपकी स्तुति कर रहे हैं, हम आपके शरणागत हैं।।हे कृपासिन्धो! दैत्योंसे सताये गये हम देवताओंकी सम्पूर्ण दुःखोंसे रक्षा कीजिये।। 50।।

हे महादेवि! पूर्वकालमें देवताओंके लिये कंटक बने महिषासुरका वध करके आपने हमें वर प्रदान किया था-' आपलोग संकटमें मुझे सदा याद किजियेगा, स्मरण करते ही मैं दैत्योंके द्वारा आपलोगोंको पहुंचायी गयी पीड़ाका निःसन्देह नाश कर दूंगी।' हे देवि! इसलिये हमलोगोंने आपका स्मरण किया है।।51-52।।

इस समय शुम्भ और निशुम्भ नामक दो दानव उत्पन्न हुए हैं, जो देखने में महाभयंकर हैं। वे [हमारे कार्योंमें] विघ्न डाला करते हैं। वे पुरूषोंसे सर्वथा अवध्य हैं। ऐसे ही बलशाली दानव रक्तबीज तथा चण्ड और मुण्ड भी हैं। इन सभी तथा अन्य महाबली दानवोंने हम देवताओंका राज्य छीन लिया है। हे महाबले! हमलोगोंका दूसरा कोई अवलम्ब नहीं, एकमात्र आप ही हमारी शरण हैं। हे सुमध्यसे! आप एकमात्र आप ही हमारी शरण हैं। हे सुमध्यमें! आप दुःखित देवताओंका कार्य सिद्ध करें।।53-55।।

देवता आपके चरणोंकी उपासनामें सदैव संलग्न रहते हैं।[इस समय] वे सब महान् बलशाली दैत्योंके द्वारा विपत्तिमें डाल दिये गये हैं। अतः हे देवि! आप उन भक्तिपरायण देवताओंको दुःखरहित कर दीजिये। हे माता। आप दुःखित देवताओंका आश्रय बन जाइये।। 56।।

हे देवि! युगके आरम्भमें इस विश्वकी रचना आप भगवतीने स्वयं की थी-यह जानकर आप इस समय सम्पूर्ण भूमण्डलकी रक्षा करें। हे जननी ! हे माता!। अपने बलसे मदान्वित तथा अभिमान में चूर दानव जगत् जगत् में लोगोंको पीड़ित कर रहे हैं।।57।।

व्यासजी बोले- [हे राजन!] तब शत्रुओंसे सन्त्रस्त देवताओंके इस प्रकार स्तुति रूप प्रकट कर दिया।।1।।

जब भगवती पार्वतीके विग्रहकोश अम्बिका प्रकट हुई, तब वे सम्पूर्ण जगत्में 'कौशिकी' इस नामसे की जाने लगीं। पार्वती शरीरसे उन भगवती कौशिकीके निकल जानेसे शरीर क्षीण हो जानेके कारण वे पार्वती कृष्णवर्णकी हो गयीं। अतः वे कालिका नामसे विख्यात हुई।।2-3।।

वे कालिका स्याही के समान काले वर्णकी थीं तथा महाभंकर प्रतीत होती थीं। दैत्यके लिये भयवर्धिन तथा [भक्तोके लिये] समस्त मनोरथ पूर्ण करनेवाली वे भगवती ' कालरात्रि' इस नामसे पुकारी जाने लगीं।।4।।

- क्रमशः

# विमान गिराने की राजनीति के पीछे का सच

अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के विरोध में चीन ने विमान को गिरा देने की घोषणा की थी। पेलोसी के विमान को गिराने की बात तो दूर रही चीन को उसकी खबर तक नहीं लगी। यह विमान मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से ताइवान की राजधानी ताइपे पहुंच भी गया तथा यात्रा पूरी करके सुरक्षित अपने देश में मौजूद है। ताइवान यात्रा के दौरान पेलोसी के विमान ने टेकआफ से साथ ही कुआलालंपुर से एक नया रास्ता अख्तियार किया था। वह पहले दक्षिण-पूर्व दिशा में इंडोनेशिया के बोरनेया व्दीप की तरफ गया, फिर उसने फिलीपींस की ओर मोड काटा और बाद में सीधा ताइपे पहुंच गया। चीन के अतिआधुनिक रडार, टोही विमान, जासूसी उपकरण, स्कैनिंग सिस्टम, आटो सिक्यूरिटी सिस्टम, टाइप 055 के एडवांस्ड डेस्ट्रायर भी अमेरिकी नेता के विमान की परछाई तक नहीं पकड पाये जबकि डेस्ट्रायर की क्षमता 500 किलोमीटर दूर से ही दुश्मन को ट्रैक करने की बताई जाती है। सूत्रों की माने तो चीन ने इलैक्ट्रानिक वारफेयर एयरक्राफ्ट में से चयनित जे-16डी और वारशिप्स तक को पेलोसी की स्कैनिंग में तैनात किया गया था। चीन की इस असफलता पर लम्बे समय तक कायस लगाये जाते रहे। विश्व भर में तरह- तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस संदर्भ में खोजपूर्ण पत्रकारिता करते हुए साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट ने सेना के सूत्रों के हवाले से चीन की असफलता को उजागर किया है। पेलोसी के विमान के लिए चीन की नौसेना और वायुसेना ने अनेक स्थानों की ट्रेकिंग सुनिश्चित कर रखी थी। सर्विलांस का काम भी निर्धारित किया गया था। चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी यानी पीएलए ने पूरा जोर लगाकर यूएस एयरफोर्स के उस विमान को घेरना की कोशिश की थी जिसमें सवार होकर पेलोसी ताइवान पहुंच रहीं थीं। पोस्ट ने पीएलए के मेजर जनरल मेंग शियांगकिंग के हवाले से बताया कि इस वारफेयर में पीएलए असफल साबित हुआ। हमारे सभी जेट्स तथा टाइप 055 डेस्ट्रायर्स फेल हो गये। हमें यह भी पता नहीं चल सका कि लक्षित विमान कहां पर उड रहा है और उसकी स्थिति क्या है। हमारे डेस्ट्रायर आधुनिक तकनीक के नवीनतम उदाहरण हैं, फिर भी सफलता हमारे हाथ नहीं लगी। वायुसेना के विशेषज्ञ ही युआन मिंग के हवाले से उजागर हुआ है कि इस असफलता को यांत्रिक खराबी के रूप में देखा जा रहा है। एक अन्य सूत्र के हवाले से स्पष्ट किया गया है कि पेलोसी के एयरक्राफ्ट के मूवमेन्ट के दौरान चीन के सैन्य संसाधन जाम हो गये थे। उनके इलैक्ट्रानिक वारफेयर उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे थे। चीन की पीएलए के मुंह पर तमाचे जड़ते हुए अमेरिका ने अपनी घोषणा को पूरा करते हुए विगत 2 अगस्त को न केवल अपनी नेता पेलोसी को ताइपे पहुंचाया बल्कि विश्व को चीन के विरुध्द एक नया संदेश दे दिया। इस यात्रा के ठीक पहले अमेरिका की सेना ने रेकी के बहुमुखी आयामों को पूरा किया था। इलैक्ट्रिनिक वारफेयर में पीएलए को उलझाकर रखा था। नित नयी छोटी-छोटी समस्यायें पैदा करता रहता था ताकि दुश्मन का ध्यान मुख्य मुद्दे से भटक जाये। पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद अमेरिकी सेना ने एयरक्राफ्ट स्ट्राइक ग्रुप को पेंटागन की तरफ से पेलोसी की सुरक्षा में लगा दिया। कहा जाता है कि इस एयरक्राफ्ट स्ट्राइक ग्रुप ने अपनी विशिष्ट तकनीक का प्रयोग करके पीएलए के सभी इलैक्ट्रिनिक डिवाइस, रडार, स्कैनर, जेट्स, डेस्ट्रायर्स, क्राफ्ट, आटो सिक्यूरिटी सिस्टम, सर्विलांस सिस्टम आदि की जैमरिंग कर दी और ड्रेगन चारों खाने चित्त हो गया। यह तो है वर्तमान के हालात जिसमें चीन को मात खाना पडी। अमेरिका की इस जैमरिंग क्षमता से चीन के दांत खट्टे हो गये। ऐसी ही जैमरिंग की एक घटना सन् 1962 में हुई थी जब चीन की सेना ने 19 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग के उत्तर-पश्चिम सीमा से भारी गोलाबारी के साथ आक्रमण कर दिया था। 23 अक्टूबर को चीनी सैनिकों ने भारतीय इलाकों पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। देश की असम राइफल्स के 17 जवानों को शहीद करने के बाद 13 जवानों को बंदी बना लिया था। सिख रेजीमेन्ट ने आगे बढ़कर दुश्मन का सामना किया था किन्तु गोला बारूद तथा रसद की निरंतर आपूर्ति न मिलने के कारण उन्हें भी पीछे हटना पडा। 24 अक्टूबर को चीनी सेना ने भारत के 15 किलोमीटर अंदर आकर अरुणाचल प्रदेश के तवांग, लद्दाख के गलवान, पैंगोग लेक तथा चुशुल जैसे इलाकों पर कब्जा कर लिया था। चीना सेना 19 नवम्बर 1962 तक तवांग से 170 किलोमीटर उत्तर में बोमडिला तक पहुंच गई थी जहां से ब्रह्मपुत्र घाटी नजदीक ही थी। लद्दाख की ओर बढते हुए कैलाश, मानसरोबर तथा अक्साईचिन के क्षेत्र पर लाल सलाम बोला जाने लगा था।

■ डा. रवीन्द्र अरजरिया

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# नलों की टोटी की मरम्मत हो

नल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डो में लगाये गये अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डो में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्लों के टूटे नलों को देखकर जाना जा सकता है कि इन मुहावरे का कितना असर लोगों पर हो रहा है। इसके लिए शासन की तरफ से न तो पहल की गई और न ही लोगों को जागरूक करने को कोई अभियान चलाया गया। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डो के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं।

■ राजेश कुमार मेदिनीनगर।

# यदि सचमुच 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल हो गया तो क्या होगा?

नरेंद्र मोदी के मुकाबले में कौन होगा यह कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल अभी तक तय नहीं कर पाये हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं ने साफ कर दिया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होगा। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने मुख्यमंत्री बनाया लेकिन वह तो प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखते हैं इसलिए दिल्ली की जनता से मिली जिम्मेदारियों को निभाने के प्रति उनका पूरा ध्यान ही नहीं है। केजरीवाल से अगर आपको मिलना है तो दिल्ली की बजाय गुजरात या हिमाचल प्रदेश जाकर मिलना होगा क्योंकि आजकल वह इन्हीं राज्यों में ज्यादा पाये जाते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि केजरीवाल ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने पास एक भी विभाग नहीं रखा है। उन्होंने अपने डिप्टी मनीष सिसोदिया को 18 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी हुई है। केजरीवाल ने यह सब इसलिए किया है ताकि उनका ध्यान आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में लगा रहे और दिल्ली की सफलता का ढिंढोरा पीट-पीट कर वह अपने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को मजबूत कर सकें। आप एक बात पर ध्यान दीजिये। केजरीवाल दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सफलता का जो ढिंढोरा पीट रहे हैं यदि उसे सही मान भी लिया जाये तो शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया हैं और स्वास्थ्य मंत्री हाल तक सत्येंद्र जैन रहे हैं। केजरीवाल ने खुद किस विभाग का कायापलट किया है इसके बारे में भी उन्हें जनता को बताना चाहिए। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य यदि दिल्ली सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं तो राज्य सरकार को यह भी बताना चाहिए कि उसके कार्यकाल में कितने स्कूल खोले गये और कितने नये अस्पताल बनाये गये। दिल्ली में शराब की दुकानों को बढ़ाने में रुचि दिखाने वाली केजरीवाल सरकार को यह भी बताना चाहिए कि उसने कितने नये शिक्षकों की भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुधारा है? बहरहाल, भाजपा की ओर से हाल ही में ऐलान कर दिया गया है कि 2024 में भी उनकी तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ही होंगे। नरेंद्र मोदी के मुकाबले में कौन होगा यह कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल अभी तक तय नहीं कर पाये हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं ने साफ कर दिया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होगा। पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ऐलान किया कि 2024 का चुनाव भाजपा बनाम आम आदमी पार्टी होगा तो उसके दूसरे दिन दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा कर दिया कि 2024 का लोकसभा चुनाव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बनाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को डराने के लिए सभी हथकंडे आजमा रहे हैं इसलिए सीबीआई के छापे पड़वाये जा रहे हैं। जहां तक केजरीवाल और मोदी की भिड़ंत की बात है तो केजरीवाल 2014 में भी प्रधानमंत्री पद का ख्वाब देख रहे थे और इसीलिए उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री का पद छोड़कर वाराणसी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ा था। परिणाम क्या रहा यह सभी जानते हैं। यही नहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए केजरीवाल ने कहा था कि इस छोटे चुनाव में हमें वोट दे दीजिये बड़े चुनाव में आप मोदी जी को वोट दे देना। वैसे कई बार लगता है कि 2014 और 2019 में राहुल गांधी से मुकाबला कर चुके मोदी भी इस बार चाहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनावों में केजरीवाल से मुकाबला किया जाये। इसलिए वह कांग्रेस के परिवारवाद के साथ ही आम आदमी पार्टी की ओर से बढ़ावा दिये जा रहे रेवड़ी कल्चर के खिलाफ लगातार बोल रहे हैं। दूसरी ओर, जहां केजरीवाल खुद को प्रधानमंत्री की रेस में मान रहे हैं तो दूसरे नेता भी अपने नाम को आगे करवाने में लग गये हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उभरने की चर्चा के बीच, उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने कहा है कि अगर अन्य दल चाहें तो नीतीश कुमार एक विकल्प हो सकते हैं।

■ नीरज कुमार दुबे

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बरवाडीह में दिवंगत शिक्षक का शहादत दिवस मनाया गया

**बरवाडीह।** प्रखंड के एकीकृत सहायक अध्यापक संघ द्वारा कन्या मध्य विद्यालय बरवाडीह मे शहीद सहायक अध्यापक स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह की शहादत दिवस मनाया गया.इस मौके पर सहायक अध्यापकों ने उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके शहादत को याद किया। साथ ही सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधी नियुक्ति एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को जल्द से जल्द आकलन परीक्षा की मांग करते हुए जुलाई से 4 प्रतिशत मानदेय बृद्धि साथ ही अभी तक सरकार के घोषणा के उपरांत मृत साथियों के परिजनों को अनुकंपा आधारित नियुक्ति की मांग की। साथ ही सर्टिफिकेट सत्यापन हेतु अफसरशाही तुगलकी फरमान के खिलाफ रोष प्रकट की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, प्रखंड सचिव- बबलू सिंह, मनोज सहाय, गुलाम अनवर, बलराम सिंह, अनुज कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, दिलेश कुमार, सियाराम सिंह, शकील खान, तारकेश्वर यादव, आलोक, राकेश आदि शिक्षक उपस्थित हुए।

### जंगलों मे जंगली जानवर का शिकार करने का सिलसिला जारी

**गारू।** गारू प्रखंड के गारू पूर्वी वन क्षेत्र के अंतर्गत कोटाम के डोमाखाड़ के जंगल मे जंगली सूअर का शिकार हुई है, ग्राम कोटाम के सिकन्दर उरांव और उसके साथी मिलकर भरथुआ बंदूक से सुअर का शिकार किया। ग्रामीण रंजीत उरांव का कहना है कि वन विभाग अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही हैं। जैसा लग रहा है कि वन विभाग की मिलिभगत से जंगली जानवर का खात्मा किया जा रहा है। करमचंद सिंह ने बताया कि इन दिनों मक्का, मुगफली जैसी फसल को खाने के उद्देश्य से जंगली सूअर व अन्य जानवरों का रुख गांव की ओर आकर्षित होते चले आते है। जिसका लाभ जंगली जानवरों का शिकार करने वाले लोग उठा रहे है। शिकारी जंगली सूअर को गोली के निशाने से शिकार बनाते है। जबकि शिकारी द्वारा जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए अनेक हथकंडे अपनाये जाते है। कुते का सहारा लेकर शिकारी आसानी से जंगली जानवरों का शिकार बना लेता है। यदि कोई व्यक्ति इन शिकारियों के बारे में शिकायत करे तो वन विभाग के कर्मचारियों के पंहुचने से पहले ही उन्हें मालूम हो जाता है जिससे शिकारी अपने करतुत को छुपाने में सफल रहता है। क्षेत्र के लोगो ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों का शिकार करने वाले लोगो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाय।

### तिलैया व दुवारी गांव में 17 बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के दुवारी व तिलैया गांव में मंगलवार को विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में तिलैया व दुवारी गांव के अभियान चलाकर 17 बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि तिलैया गांव में तीन लाख, तेरह हजार, दो सौ अड़तीस रुपये व दुवारी गांव में 290620 रुपये बिजली उपभोक्ताओं के पास बिजली बिल बकाया है। बकायेदारों को बगैर बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। अभियान में महावीर दांगी, विकास कुमार, संतोष कुमार निराला सहित अन्य शामिल थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जपुआ के समीप पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान एसपी राकेश रंजन के निदेर्शानुसार सहायक अवर निरीक्षक अशोक शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन छोटे-बड़े वाहनों के कागजात, लाइसेंस, हेलमेट सहित अन्य की जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने का निर्देश दिया गया।

### गणेश महोत्सव को लेकर ग्रामीण चिकित्सकों ने की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध चुंदरु धाम सूर्य मंदिर परिसर में 31 अगस्त से आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारी जोर शेर से की जा रही है। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल में ग्रामीण चिकित्सकों के प्रखंड इकाई की बैठक हुई, जिसमें गणेश महोत्सव में आयोजित मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा देने पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्टॉल लगाकर पूरी तत्परता के साथ दिन-रात मौजूद रहकर चिकित्सा और दवा जरुरतमंदों को मुहैया कराई जायेगी। मौके पर सुरेश प्रसाद, दासो साहू, सतीश पाठक, स्वपन कुमार, पीके विश्वास, सुखाडी पाल, रामनरेश तिवारी, संजय कुमार पासवान, अखलद हसन, अनिल गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने की बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

# कार्डधारकों को ससमय राशन वितरण करने का दिया निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक से पूर्व मंत्री का उपायुक्त अबु इमरान ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक के प्रारंभ में माननीय मंत्री ने उपस्थित जनप्रतिधियों एवं पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं सभी विभागों द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास अभिकरण अन्तर्गत संचालित मनरेगा, आंगनबाड़ी, बिरसा हरित ग्राम योजना, आधार इपिक, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, निलाम्बर पिताम्बर से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पूर्व से लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की बात कही गई। बैठक में सदस्यों द्वारा गाय शेड, बकरी शेड निर्माण में उपयोग हुए मेटेरियल की लंबित भुगतान की बात रखी गई। जिसपर डीडीसी के द्वारा अवगत कराया गया कि मामला संज्ञान में है सारी प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद राशि का भुगतान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सकों की उपलब्धता, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की उपलब्धता, दवा, उपकरणों की व्यवस्था, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी सहायता योजना, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, विभिन्न टीकाकरण, महिला, पुरूष बंध्याकरण की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को एक माह के अंदर बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया। श्रम विभाग के मेधावी पुत्र, पुत्री योजना, श्रमिक औजार कीट योजना, साइकिल योजना, पारिवारिक पेंशन योजना, श्रमिकों का पंजीकरण, संगठित श्रमिक समेत योजनाओं की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित करने को निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग में छात्राओं को मिलने वाले पोशाक, पुस्तक, जिले में शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे कार्य, मिड डे मील, शिक्षक की कार्य प्रणाली, विद्यालयों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिले में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया।

### संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया

आपूर्ति विभाग द्वारा लाल, हरा, पीला, सफेद राशन कार्ड, जिले में कुल कार्डधारकों की संख्या, धोती, साडी, लुंगी वितरण, धान अधिप्राप्ती, जिले में पैक्सो की संख्या, पैक्स द्वारा ट्रांसपोर्टर के माध्यम से मील को भेजे गए धान की जानकारी लेते हुए कार्यो का निष्पादन ससमय व कार्ड धारकों को ससमय उचित मुल्य एवं उचित वजन के साथ राशन वितरण करने का निदेश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता द्वारा प्रस्तुत किए गये प्रगति प्रतिवेदन के अधार पर जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर नल, शहरी जलापूर्ति योजना, कुल हाउस होल्ड, चापानल मरम्मति, पेयजल आपूर्ति प्रक्रिया की जानकारी लेकर संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वन विभाग से संबंधित लंबित मामले, एफआरए, एनओसी समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि वैसे मामले जो वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण बाधित हो रहे हैं उसे संबंधित के साथ समन्वय स्थापित कर निष्पादन करें। उपायुक्त द्वारा मंत्री को स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में मंत्री, विधायक सिमरिया, बीस सूत्री उपाध्यक्ष, डीडीसी के अलावे डीएफओ उत्तरी,दक्षिणी, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, सभी प्रखंड प्रमुख, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक बैठक संपन्न

**लातेहार।** माकोडाक बंगला में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक बैठक पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम श्रद्धये डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि के पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी मंचस्थ अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह के द्वारा स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराया गया। संगठनात्मक बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित रहे। वही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद, आदित्य साहू के द्वारा बारी बारी से संगठन की मजबूती पर मार्गदर्शन दिया गया। मंच संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। उक्त अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश राम, राजधानी प्रसाद यादव, अवधेश सिंह चेरो, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ, साहदेव लाल, अमित नाथ साहदेव आदि मौजूद थे।

## मलेरिया से पीड़ित महिला की मौत परिवार के अन्य सदस्य इलाजरत



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** कामता पंचायत के कुजरी गांव निवासी शमा परवीन की मलेरिया नामक बिमारी से सोमवार 22 अगस्त की रात्री में लातेहार सदर अस्पताल में मौत हो गई है। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने इन्हें प्रावेट वाहन से सीधे लातेहार सदर अस्पताल ले गए। जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार परिवार के सदस्य गांव के ही एक कम्पाउंडर से गांव में ही इलाज करा रहे थे। मलेरिया से ग्रसित एक पुत्री नाजिया प्रवीन 14 वर्ष को चिकित्सा प्रभारी डॉ नंदकुमार पांडेय व चिकित्सक तरुण जोश लकड़ा ने जांचकर बेहतर इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से रिम्स (रांची) रेफर कर दिया। वहीं मलेरिया से पिड़ित इसके एक अन्य पुत्री शबनम प्रवीन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर अवस्था में भर्ती हैं। पति शाहिद अंसारी को ईलाज कर घर भेज दिया गया है। इधर चिकित्सा प्रभारी डॉ नंदकुमार पांडेय के निर्देश पर एमटीएस कृष्णकांत कुमार व सहिया ने गांव में कई लोगों को चेकअप कर आवश्यक दवा दी है। सुचना मिलते ही पंसस अयुब खान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, समाजसेवी जहांगीर खान ने अस्पताल जाकर मलेरिया से पीड़ित लोगों से मुलाकात किया।

संयुक्त सचिव ने कल्याण गुरुकुल व अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

# पूरे लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें: जिम्पा



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** कर्मा जिम्पा भूटिया संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार लातेहार पहुंचे। उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात संयुक्त सचिव ने मनिका में संचालित कल्याण गुरुकुल का निरीक्षण किया। संयुक्त सचिव ने कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य से गुरुकुल में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे जानकारी लिया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य निरंजन प्रसाद ने बताया कल्याण गुरुकुल, कल्याण विभाग के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कल्याण गुरुकुल का संचालन पैन आईआईटी के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में कल्याण गुरुकुल में अनुसूचित जाति /जनजाति बालिकाओं के लिए दो बैच संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षुओं को हुड जैकेट सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संयुक्त सचिव ने गुरुकुल के प्राचार्य से प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं के प्लेसमेन्ट के बारे जानकारी लिया। प्राचार्य ने बताया प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को गारमेंट कंपनियों में प्लेसमेंट दिलाया जाता है। संयुक्त सचिव ने प्रशिक्षण कक्ष, सिलाई मशीन एवं प्रशिक्षुओं के मेस का भी निरीक्षण किया। संयुक्त सचिव ने प्रशिक्षुओं से कहा लगन एवं तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।

इसके पश्चात संयुक्त सचिव श्री कर्मा जिम्पा भूटिया ने सदर प्रखंड अंतर्गत ईचाक में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सरोवर के गहराई, पानी के इनलेट एवं आउटलेट का जायजा लिया। उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे पीपल, अर्जुन, नीम इत्यादि के पौधे लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त लातेहार श्री भोर सिंह यादव, उप विकास आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

वृंदावन की होली के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

# धर्म और संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी: अनुराग



कलाकारों के द्वारा वृंदावन की होली की झांकी पेश की गई

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर अंतर्गत शिवपुरी में राधारमण भागवत प्रचार मंडल के द्वारा 16 अगस्त से आयोजित प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के सात दिवसीय भागवत कथा का सोमवार की देर रात समापन हो गया । भागवत कथा की आखिरी दिन जहां भगवान कृष्ण के उनके परम मित्र सुदामा जी से मुलाकात की कहानी दिखाई गई। वही भागवत कथा के समापन के पूर्व रात्रि लगभग 12:00 बजे भागवत कथा के झांकी कलाकारों के द्वारा वृंदावन की होली की झांकी पेश की गई जहां झांकी के आते ही वृंदावन के फूलों की होली शुरू हो गई जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु झूमने लगे लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक खेली गई वृंदावन की होली ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सबसे पुरानी संस्कृति है सनातन संस्कृति

भागवत कथा के समापन के बाद अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आज के दौर में हम सभी को अपने बीच अपने बच्चों को बेहतर संस्कार देने के साथ-साथ अपनी धर्म और संस्कृति का ज्ञान देना भी राष्ट्र हित के लिए लाभदायक है क्योंकि हमारी सनातन संस्कृति एक दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृति में से है। जो हर किसी के सम्मान करना सिखाती है। इसलिए बिना किसी भेदभाव के हम सभी को सभी का सम्मान करते हुए राष्ट्र हित के लिए काम करना चाहिए । कार्यक्रम के अंत के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर मौजूद जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी मुख्य कालो देवी समेत अन्य अतिथियों के द्वारा भागवत कथा वाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री समेत अन्य लोगों को सम्मानित करने का भी काम किया गया। वही प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने भी पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री से दीक्षा ग्रहण करने का भी काम किया। इस दौरान निरंजन सिंह राकेश सिंह बबलू मिश्रा ,बुधराम, विकास कुमार, कन्हैया पाठक राजा कुमार, लव कुमार ज्ञान कुमार गोसाई अरविंद कुमार पांडे, सुधा दुबे, रेखा पाठक, संध्या वर्मा, अनामिका मेहता, समेत काफी संख्या में राधा रमन भागवत प्रचार मंडल के सदस्य मौजूद थे ।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महंगाई को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**लातेहार।** देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के के अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को लातेहार थाना क्षेत्र के चेकनाका के पास से विरोध प्रदर्शन एवं नारे लगाते हुए सप्ताहिक मंगल बाजारटांड़ पहुंचे। जहां महंगाई पर चर्चा किया गया। वही प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित महंगाई पर चर्चा में कांग्रेस नेता मुनेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार की विफल आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई रिकार्ड स्तर पर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर भाषण में बेरोजगारी और महंगाई को खत्म कर देने के बात कहते हैं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी कम होने के बजाय आसमान छू रही है । बीते 14 महीनों से महंगाई दर दोहरे अंकों में है। आम महंगाई से आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। मौके पर आफताब आलम, पंकज तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

39वीं औपबंधिक सूची

जिलाः–पलामू

दिनांक–11.07.2022

| आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण |
|---|---|---|---|
| 1. आवेदन क्र0– 139<br>2. आवेदक का नाम–चन्द्रधन महतो<br>3. पिता का नाम– स्व0 धर्मदेव महतो<br>4. ग्राम–बनुआ<br>5. पो0–सागबार<br>6. थाना–लेस्लीगंज<br>7. प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>8. लिंग–पुरूष<br>9. पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान।<br>10. आयु– 58 वर्ष | बडबिल थाना काण्ड संख्या – 33/88 जी0आर0 संख्या–100/88 | नहीं | कारण :– दिनांक–02.04.1988 को अलग राज्य की मांग को लेकर नजायज मजमा बनाकर निषेधाज्ञा का उल्लंघन तथा विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–188 भा0द0वि0 पार्टी का नाम–अन्य |

नोट :– सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण तथा जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते है। यदि जेल गये है, तो उसका प्रमाण–पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(संतोष कुमार दूबे)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य PR 276180 Home (22-23)_D (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
ई0 पुर्ननिविदा संख्या–05/2021-22/RDD/NREP/PALAMAU
Re-Tender

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | ग्राम कुटमू में राजकीय उच्च विधालय, कुटमू में चाहरदिवारी निर्माण।<br>ग्राम बंदला में आंगनबाड़ी बंदला का चाहरदिवारी निर्माण। | पाण्डू | 21.96029 | 44000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 14/2021-22/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–25.08.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–03.09.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः–05.09.2022 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.09.2022 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त जमानत की राशि देनी होगी (i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा (i) 20% से अधिक Below का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु होगा।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.276220 NREP(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
ई0 पुर्ननिविदा संख्या–08/2021-22/RDD/NREP/PALAMAU Re-Tender

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत पांकी पूर्वी ग्राम बनखेता में पांकी ढूब मुख्य पथ पर सुनेरी बांध में पुलिया निर्माण। | पांकी | 24.910 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 01/2021-22/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | पंचायत माड़न के ग्राम कसेरी में कहुआ नाला पर पुलिया निर्माण। | पांकी | 24.971 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 02/2021-22/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–25.08.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–03.09.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः–05.09.2022 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.09.2022 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त जमानत की राशि देनी होगी (i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा (i) 20% से अधिक Below का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु होगा।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू

PR276217 (NREP)22-23*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# भारी बारिश के कारण देश के कई राज्यों में बाढ़ का मंडरा रहा खतरा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। वहीं, देश के कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और बिहार में भारी बारिश हुई है। राजस्थान में 200 और मध्य प्रदेश में करीब 50 छोटे-बड़े डैम ओवरफ्लो हैं। यूपी में गंगा खतरे के निशान के ऊपर और बिहार में इसके करीब है। ये पानी बांधों में जमा हो रहा है, या बांधों से निकलकर बाढ़ ला रहा है। पूरा दबाव बांधों पर है, पर इनकी मॉनिटरिंग का सिस्टम बंद पड़ा है। इससे 18 राज्यों के 1500 डैम की निगरानी होती है। सबसे संवेदनशील बांधों की देखरेख के लिए जल शक्ति मंत्रालय ने डैम रिहैबिलिटेशन एंड इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट (ड्रिप) शुरू किया था। सेंट्रल वाटर कमीशन की निगरानी में चलने वाले इस प्रोजेक्ट का ऐप और वेबसाइट डेढ़ महीने से बंद हैं। दोनों 2016 में बने थे।



### लगातार हो रही बारिश से बांधों पर बढ़ा दबाव

**देश** के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से बांधों पर दबाव बढ़ गया है। वहीं, डैम हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन मॉनिटरिंग एप्लिकेशन पर साल में दो बार बांधों की सेहत की रिपोर्ट अपलोड होती है। राज्य प्री और पोस्ट मॉनसून रिपोर्ट अपडेट करते हैं। इसमें डैम के 17 पॉइंट शामिल हैं, जैसे बांध के किस हिस्से की मरम्मत तुरंत होना जरूरी है, किस पर नजर रखनी है, कौन सा गेट कब खोला या बंद किया जाना चाहिए।

## महाराष्ट्र सियासी संकट : संविधान पीठ को भेजा गया याचिका, कल होगी सुनवाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना में दरार से उत्पन्न महाराष्ट्र सियासी संकट से जुड़ी याचिकाओं पर पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ गुरुवार को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने याचिकाओं में कई संवैधानिक सवाल खड़े होने का हवाला देते हुए मंगलवार को उन्हें संविधान पीठ के पास विचार के लिए भेज दिया। शीर्ष अदालत की संविधान पीठ सबसे पहले शिवसेना के चुनाव चिह्न पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की ओर से आयोग के समक्ष किए दावों पर विचार करेगी। चुनाव आयोग में चल रही काईवाई का पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुट की ओर से विरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से जुड़ी याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष गुरुवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि याचिकाओं की सुनवाई शुरू करते वक्त चुनाव आयोग के समक्ष लंबित शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सबसे पहले विचार किया जायेगा। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह संविधान पीठ का फैसला आने तक चुनाव चिन्ह विवाद पर कोई आदेश पारित न करें।

## न्यूज गैलरी

### पहलगाम दुर्घटना: आईटीबीपी के एक और जवान की मौत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले सप्ताह हुई बस दुर्घटना में घायल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के एक जवान की इलाज के दौरान मौत होने के बाद, इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इस दुर्घटना में सात जवानों की मौत हो गयी थी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो कर्मियों समेत 32 अन्य लोग घायल हो गए थे। यह हादसा तब हुआ था जब उनकी बस 16 अगस्त को पहलगाम के समीप एक खाई में गिर गयी थी। वे अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने अड्डे पर लौट रहे थे। आईटीबीपी के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सहायक उप-निरीक्षक नंदन सिंह की श्रीनगर के एसकेआईएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार रात साढ़े 11 बजे मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में आईटीबीपी के कुल 8 जवानों की मौत हो चुकी है। गंभीर रूप से घायल तीन कर्मियों को हाल में श्रीनगर से विमान से दिल्ली लाया गया और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले सप्ताह ट्रामा सेंटर जा कर उनका हाल चाल लिया था।

### जापान का यूक्रेन को समर्थन जारी, रूस के खिलाफ प्रतिबंध बरकरार

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान ने यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रूस के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंधों को बरकरार रखने की घोषणा की है। इस बीच यूक्रेन में रूस का विशेष सैन्य अभियान जारी है। जापान के वित्तमंत्री शुनिची सुजुकी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक की और जी-7 समूह में शामिल देशों के साथ समन्वय रखते हुए यूक्रेन का समर्थन करते रहने और रूस के खिलाफ प्रतिबंध जारी रखने सहित राजनयिक प्रतिक्रिया देते रहने का निर्देश दिया। शुनिची सुजुकी ने पत्रकारों से कहा कि हम जी-7 समूह में शामिल देशों के साथ जुटकर काम करते रहना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री का निर्देश अंतरराष्ट्रीय समुदायों के अनुरूप होगा और कार्रवाई भी इसी के अनुरूप की जाएगी। सुजुकी ने कहा कि हालांकि, इस दौरान मंत्रियों ने लगाए जाने वाले किसी नए प्रतिबंध की बात नहीं की। उल्लेखनीय है कि जापान अपने नागरिकों को रूस की यात्रा न करने की सलाह दे चुका है। साथ ही यूक्रेन की सीमा से लगे रूसी क्षेत्रों के लिए शीर्ष स्तर-4 की चेतावनी भी जारी कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संदेश प्रणाली स्विफ्ट से रूसी बैंकों को प्रतिबंधित करने के निर्णय में अमेरिका और यूरोपीय देशों का साथ देने का फैसला ले चुका है।

संजय कुमार को हिरासत में लेने की नड्डा ने निंदा की, कहा-

## भाजपा को मिल रहे अपार जन समर्थन से चिंतित हैं केसीआर



**तेलंगाना (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बी संजय कुमार को हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे अवैध करार दिया। नड्डा ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि राज्य की भ्रष्ट और परिवार केंद्रित सरकार के खिलाफ भाजपा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति के खिलाफ भाजपा की लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रहेगी और पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि आगामी चुनावों में टीआरएस का सूपड़ा साफ हो। नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, तेलंगाना सरकार द्वारा हमारे प्रदेश अध्यक्ष बी संजय कुमार की अवैध गिरफ्तारी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। केसीआर के भ्रष्ट और परिवार केंद्रित शासन के खिलाफ राज्य के विभिन्न कोनों से भाजपा को मिल रहे व्यापक समर्थन से मुख्यमंत्री चिंतित हैं। एक अन्य ट्वीट में नड्डा ने कहा, हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आनेवाले चुनावों में टीआरएस और केसीआर का पूरी तरह से सफाया हो। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का लोकप्रिय नाम केसीआर है। ज्ञात हो कि बी संजय कुमार हैदराबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जनगांव में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

## सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**सलेम (एजेंसी)।** तमिलनाडु में मंगलवार तड़के सेलम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्तूर के पास एक निजी ओमनी बस और मिनी वैन की टक्कर में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब नामक्कल और सलेम जिलों के निवासी एक वैन में एक परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अत्तूर जा रहे थे इसी दौरान सेलम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्तूर के पास एक यात्री बस से उनकी वैन की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों की पहचान एस. दंशिका (11), एस. सरन्या (23), एस. सुगन्या (27), एम. संध्या (23), ए. राम्या (25) और ए. राजेश (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

## टिकटॉक स्टार और भाजपा नेता सोनाली फोगाट का हार्ट अटैक से निधन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** टिकटॉक स्टार और भाजपा नेता सोनाली फोगाट की गोवा में हार्ट अटैक से मौत हो गई है। कई टीवी धारावाहिकों में काम कर चुकीं सोनाली फोगाट को भाजपा ने हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, चुनाव में उन्हें कांग्रेस के कुलदीप बिश्नोई के सामने हार का सामना करना पड़ा था। सोनाली फोगाट की मौत से लोग काफी शॉक्ड हैं।

दरअसल, अपनी मौत से पहले सोनाली फोगाट ने सोमवार रात ही इंस्टाग्राम और फेसबुक पर एक वीडियो और कई पोस्ट कीं जिनको देखकर यकीन नहीं हो रहा कि यह हंसता हुआ चेहरा अब हमारे बीच नहीं है। सोनाली फोगाट रियलिटी शो बिग बॉस के 14वें संस्करण में हिस्सा ले चुकीं हैं। 42 वर्षीय सोनाली फोगाट कुछ दिन पहले ही अपने स्टॉफ के साथ गोवा गयी थीं। सोनाली को प्रसिद्धि सोशल मीडिया के जरिये ही मिली थी। 2019 में हरियाणा चुनाव में

■ मौत से पहले सोनाली फोगाट ने सोमवार रात ही इंस्टाग्राम और फेसबुक पर किये थे कई पोस्ट



भाजपा ने उन्हें अरना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था। भाजपा की हरियाणा इकाई ने उन्हें महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया था। सोनाली के पति संजय फोगाट की मृत्यु पहले ही साल 2016 में हो चुकी है। 21 सितम्बर 1979 को हरियाणा के फतेहाबाद में जन्मीं सोनाली फोगाट ने 2006 में हिसार के दूरदर्शन में एंकरिंग से अपने करियर की शुरूआत की थी। उनकी एक बेटी भी है।

### बहन का दावा- सोनाली फोगाट की मौत एक साजिश

**हरियाणा** के हिसार जिले से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं अभिनेत्री सोनाली फोगाट का गोवा में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, दूसरी तरफ, सोनाली फोगाट की बहन का कहना है कि उनकी मौत एक साजिश है। सोनाली की बहन ने बताया कि एक दिन पहले ही उनकी बात हुई थी। इस दौरान सोनाली फोगाट ने कहा था कि वे ठीक हैं, शूटिंग के लिए जा रही हैं और 27 तारीख को वापिस लौट कर आयेंगी। उन्होंने कहा कि फिर सोमवार सुबह जब मां से बात हुई तो उन्होंने बताया कि खाना खाने के बाद उनके शरीर में कुछ हरकत सी हो रही है और ऐसा लग रहा है कि खाने में कुछ गड़बड़ की गई है, शायद कोई साजिश रच रहा है। उधर, गोवा के पुलिस महानिदेशक जसपाल सिंह ने बताया कि अंजुना के कर्लीज रेस्तरां में फोगाट ने बेचैनी होने की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मामले में किसी तरह की साजिश का कोई संदेह नहीं है।

सिंह ने कहा कि उनके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की उचित वजह पता चल पायेगा। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) जीवबा दलवी ने बताया कि अस्पताल लाने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना है, लेकिन अन्य चिकित्सकीय जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बंबोलिम के सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है। सिंह ने बताया कि जीएमसीएच के फॉरेंसिक विशेषज्ञ पोस्टमार्टम करेंगे।

## बीजेपी ने टी राजा को पार्टी से किया संस्पेंड, की थी विवादित टिप्पणी


**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने टी राजा सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। टी राजा सिंह ने पैगंबर मोहम्मद विवाद को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बीजेपी ने इसके लिए राजा को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है और 10 दिन में जवाब मांगा है। इससे पहले पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने राजा को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया था। भाजपा विधायक ने स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी की आलोचना करते हुए सोमवार को एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में वह कथित तौर पर एक धर्म विशेष के खिलाफ विवादित टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। फारुकी ने हाल ही में शहर में एक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग करते हुए समुदाय के कई लोगों ने सोमवार रात हैदराबाद के कई हिस्सों में प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के कई विधायक और वृहद हैदराबाद नगर निगम के पार्षद पुलिस थानों पर पहुंचे, वहां प्रदर्शन किया तथा राजा सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि सिंह के खिलाफ कई पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई गई है।



## सरकार समय पर फैसले नहीं लेती है, यह एक समस्या है : गडकरी

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार समय पर फैसले नहीं लेती है और यह एक समस्या है। नाटकान-2022 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा, 'आप चमत्कार कर सकते हैं। यहां संभावनाएं भी मौजूद हैं और क्षमता भी है। मेरा कहना है कि भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर का भविष्य सुनहरा है। हमें अच्छी तकनीक और नये सुधारों को स्वीकार करना होगा। हमें दुनिया और भारत की अच्छी रिसर्च और सफल प्रैक्टिस को स्वीकार करना होगा।' नितिन गडकरी ने कहा कि हमें पास वैकल्पिक चीजें होनी चाहिए। इससे हम क्वालिटी से समझौता किये बिना ही लागत में कमी ला सकते हैं। निर्माण के काम में टाइम बहुत अहम होता है। यह सबसे बड़ी पूंजी है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकारें समय पर फैसले नहीं लेती हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक और संसाधनों से भी यह महत्वपूर्ण चीज है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत क्षमता है, लेकिन हम 60 लाख करोड़ रुपये के ईंधन का आयात करते हैं और यह समस्या की बात है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि काम समय पर पूरे होने चाहिए।



### बीते दिनों कहा था- सत्ता के लिए होती है राजनीति

**उन्होंने** कहा कि मैं जब महाराष्ट्र में मंत्री था तो मैंने कह दिया था कि जो एक दिन पहले बनेगा तो एक लाख रुपये का इनाम मिलेगा। यदि देरी हुई तो फिर उसी हिसाब से फाइन देना होगा। माहिम में फ्लाईओवर बनाने के लिए समय 24 महीने का था, लेकिन ठेकेदार ने 21 महीने में ही तैयार कर दिया। इसकी वजह यह थी कि उसे बोनस मिलना था। बता दें कि नितिन गडकरी अक्सर ऐसे बयान भी देते रहे हैं, जो भले ही विपक्ष को अनुकूल लगे, लेकिन उनकी पार्टी के नेतृत्व और सरकार को चुभनेवाले होते हैं। पिछले दिनों ही उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि आज की राजनीति सत्ता नीति हो गयी है। इसका लोक कल्याण से कोई लेना-देना नहीं रह गया। कई बार तो लगता है कि राजनीति से संन्यास ही ले लिया जाये।

## तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को धमकाया

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर कब्जा कर चुका तालिबान और बेखौफ हो गया है। अब उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को धमकी दी है। तालिबान ने यात्रा प्रतिबंध छूट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के बीच असहमति के मद्देनजर चेताया है। तालिबानी अधिकारियों ने कहा है कि यदि परिषद ने यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाने से इनकार किया तो उनके धैर्य का बांध टूट सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के तीन स्थायी सदस्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस तालिबान अधिकारियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाना चाहते हैं। परिषद के अन्य दो स्थायी सदस्य रूस और चीन 13 तालिबान अधिकारियों को इसमें छूट देने के पक्ष में हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस बात पर मतदान करवा कर फैसला लेगी कि तालिबान के 13 अधिकारियों की यात्रा छूट को बढ़ाया जाये या नहीं। अफगान तालिबान अधिकारियों की यात्रा छूट प्रतिबंध 19 अगस्त को समाप्त हो गये हैं। परिषद इस बात को लेकर संशय में है कि यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाया जाये या नहीं। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने ट्वीट किया है कि दोहा समझौते के तहत तालिबान के खिलाफ सभी प्रतिबंधों को रद्द कर दिया जाना चाहिए। इसी के साथ तालिबान अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि परिषद ने यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाने से इनकार किया तो वह कठोर रुख अपनाने को मजबूर हो सकते हैं।



## पेज एक के शेष

**प्रत्येक क्षेत्र में झारखंड के युवा...**
अदा कर रहा है। हमारा राज्य जल-जंगल-जमीन के लिए जाना जाता है। हमारे राज्य में सोलर एनर्जी और क्लाइमेट चेंज आदि क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने का बहुत पोटेंशियल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने पिछले साल ग्लैसगो में क्लाइमेट चेंज के सीओपी 26 (कॉप 26) अधिवेशन के दौरान 2070 तक नेट कार्बन एमिशन को जीरो करने की देश की प्रतिबद्धता जाहिर की थी। साथ ही 2030 तक देश की नॉन फॉसल एनर्जी कैपेसिटी को 500 गीगावॉट तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड भी उसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की योजना पर कार्य कर रहा है।

**ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने राज्य सरकार के कार्यों की सराहना की :** इस अवसर पर ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की सराहना की। ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने कहा कि झारखंड में बहुत सुंदर वादियां हैं। झारखंड में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। यहां निवेश के अनुकूल माहौल तैयार किया गया है। राज्य सरकार अपनी ओर से निवेशकों को पूरा सपोर्ट दे रही है। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चंपई सोरेन, कला, संस्कृति एवं खेलकूद विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव केके सोन, आदिवासी कल्याण आयुक्त मुकेश कुमार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय नाथ झा एवं विशेष सचिव नेसार अहमद सहित ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**संसाधनों व संभावनाओं के समन्वय...**
कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा। झारखंड के नौजवान काफी प्रतिभाशाली हैं। सीमित संसाधन के बावजूद यहां के बच्चे ओलंपिक में विनर बन रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाशाली नौजवानों का गरीबी उनके सफलता में बाधा न बने, इस निमित्त नीतियों को बनाने का काम किया गया है। संसाधनों एवं संभावनाओं के समन्वय से विकास की गति तेज करने पर बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आजीविका संवर्धन करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सभी बिंदुओं पर बारीकी से नजर रखते हुए सतत विकास के रास्ते पर चलने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस एवं उनकी टीम ने संयुक्त रुप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयासों की सराहना की। बैठक में ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास का शानदार माहौल तैयार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में दिख रहे उद्योगपरक सकारात्मक माहौल और यहां से मिली जानकारी ब्रिटिश उच्चायोग यूनाइटेड किंगडम (यूके) के उद्यमियों तक पहुंचाकर झारखंड में निवेश और विकास में सहभागी बनने के लिए उन्हें प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव केके सोन, सचिव राजेश कुमार शर्मा, सचिव राहुल कुमार पुरवार, निदेशक जितेंद्र सिंह सहित ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**पलामू में हथियार के साथ दो...**
घुम रहे है। थाना प्रभारी द्वारा उक्त आशय का सन्हा दर्ज करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित किया और पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया तथा त्वरित कार्रवराई करते हुए घटनास्थल मलय डेम के पास पहुँचे कर दो संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाईकिल से आते देखे रोकने का प्रयास किया तो वे दोनो मोटरसाईकिल छोड़ कर भागने लगे। जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विवेक कुमार चन्द्रवंशी पिता सुनिल राम सा० जेलहाता थाना शहर जिला पलामू, 2 बिरेन्द्र भूईया पिता मनी भूईया सा० धावाटाड थाना चैनपुर जिला पलामू बताया पकड़े गये विवेक कुमार चन्द्रवंशी के बाये कमर से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ एवं विरेन्द्र भूईया के कमर से एक स्टील का स्त्रीग वाला मोडदार चाकु एवं दाये पॉकेट से एक जिन्दा गोली बरामद हुआ। साथ ही उनके पास से बरामद बैग में विभिन्न कंपनी का सात मोबाईल एवं एक काले रंग के पर्स में 4720/- रूपया एवं चोरी का मोटरसाईकिल बरामद हुआ। बरामद सभी समान के संबंध में कोई कागजात आदि प्रस्तुत नही किया गया। इसके बाद अभियुक्तों के पास से बरामद सभी समानों का विधिवत जाती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा अभियुक्तों को गिरफतार कर थाना लाया गया तथा इस संबंध में प्राथमिकी संख्या-76/2022 एवं 77 / 2022 अंकित करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया।

**लूंगी गेंग के इसारे पर...**
पलामू में चोरी की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिसमें पुलिस ने जीपीएस के माध्यम से बिहार के इलाके से वाहनों को रिकवर किया है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से दो महीने पहले एक स्कॉर्पियो चोरी हुई थी। यह स्कॉर्पियो बिहार के अरवल के इलाके से कुछ ही घंटों में पुलिस ने बरामद कर लिया था। चार पहिया वाहन चोर गिरोह से जुड़े पिछले छह महीने में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है।

**आधार के तहत राज्य सरकार...**
निगम (एनपीसीआई) द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और आधार सक्षम भुगतान प्रणाली पर प्रस्तुति दी गयी। साथ ही एम-आधार ऐप, आधार ऑनलाइन सेवाओं और निवासियों के लिए आधार पंजीकरण एवं अपडेट सेवाओं को सुगम बनाने के लिए यूआईडीएआई द्वारा किये गये प्रयासों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय रांची के उप महानिदेशक अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आधार ने डिजिटल क्रांति के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है, जिसका अनुसरण अब विश्व के कई देश करने की तैयारी में हैं।

**अगस्त महीने में दो हाजिर होने का...**
जुड़े हैं। झारखंड में सत्ता के गलियारों में काफी सक्रिय रहे हैं। सत्ताधीशों के बीच इनकी अच्छी पकड़ है। वर्ष 2020 में आयकर विभाग ने इनके यहां कई कार्रवाई की थी और गड़बड़ियां पकड़ी गयी थी। इनका रांची आना-जाना लगा रहता है।

**समन पर शुरू हुई राजनीति भाजपा नेताओं ने घेरा**
**जांच क्लाइमेक्स के करीब : बाबूलाल**
अमित अग्रवाल को समन पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड महाघोटाले की जांच अब क्लाईमेक्स पर पहुंचने के करीब दिख रही है। मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज के सुपर सीएम कहे जानेवाले विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जेल गये, आप चुप रहे। प्रेम, पिंटू, विशाल तक जांच की आंच पहुंची, कई छापे पड़े। फिर भी आप चुप रहे। झारखंड सत्ता एवं नौकरशाही में सबसे ऊपर चर्चित नाम अमित अग्रवाल को अब ईडी ने बुलाया है। अब तो चुप्पी तोड़िये और झारखंड ही नहीं देश-दुनिया को बताइये कि ये अमित कौन हैं और इनसे आपका, सोरेन परिवार का और आपकी पार्टी ही नहीं शासन-प्रशासन से कैसा व्यावसायिक नाता है?

**गौतम अडानी खरीदेंगी...**
पेशकश की है। इसके बाद एनडीटीवी के शेयर मंगलवार को पांच प्रतिशत बढ़कर 376.55 रुपये पर बंद हुए। अडानी समूह के सीईओ संजय पुगलिया (जिनको एसपी सिंह आजतक में ले गये थे) ने इस लेटर के जरिये एनडीटीवी में हिस्सेदारी खरीदने की जानकारी दी।

**देश को आगे ले जाने के लिए सभी...**
नरेंद्र मोदी के सशक्त मार्गदर्शन में, पद्म पुरस्कार विजेताओं के चयन की प्रक्रिया खासी बदल गयी है और अब आम लोगों को सम्मान मिल रहा है। अब नामांकन प्रक्रिया में नामांकित व्यक्ति के नाम पर नहीं, बल्कि उसके काम पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने सभी से आनेवाली पीढ़ियों को प्रेरित करने और भारत को स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी बनाने में योगदान करने के लिए अपनी क्षमता और सामर्थ्य बढ़ाने रहने का अनुरोध किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम-4 का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे वात्सल्यम-4 का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा केजी-1 एवं प्री नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर (डॉ.) केशव राव वराकुला, वाइस चांसलर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ



ही विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। बच्चों ने 'कल आज और कल' और 'फेयरी टेल्स' थीम पर बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। केजी-1 ए के बच्चों ने रेट्रो थीम पर 'ओल्ड इज गोल्ड' नृत्य प्रस्तुत किया। केजी-1 बी के बच्चों ने मनोरम नृत्य 'फ्यूचरिस्टा' प्रस्तुत किया, जो 'इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग' थीम पर आधारित था। आज के कार्यक्रम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले बिहार-झारखंड में सीबीएसई बारहवीं बोर्ड के टॉपर्स अराध्य जैन एवं दिव्या सुमन तथा दसवीं बोर्ड के टॉपर आर्यन भास्कर को सम्मानित किया गया। प्री-नर्सरी के छात्रों ने अपने नृत्य 'फेयरी विस्टा' के माध्यम से बचपन की सदाबहार कहानियों और दंत कथाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी और दर्शकों को उनके बचपन की यादों में ले गए। केजी-1 सी के छोटे-छोटे बच्चों ने मिकी माउस, छोटा भीम, स्कूबी-डू जैसे कार्टून चरित्रों की जीवंत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. केशव राव वराकुला ने ग्रैंड पैरेंट्स से आग्रह किया कि बच्चों के साथ बातें करते रहें ताकि उनकी समस्याओं से अवगत होते रहें। ग्रैंड पैरेंट्स हमेशा यह ध्यान रखें कि बच्चों का दुनिया को देखने का नजरिया सकारात्मक हो।

# कांग्रेस भवन में मनी रामदयाल मुंडा की जयंती

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पदमश्री पूर्व सांसद (राज्यसभा) डा. रामदयाल मुण्डा की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रॉची में मनायी गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने डा. मुण्डा श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्हें संस्कृति पुरूष बताया। कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि डा. मुण्डा ने झारखण्ड संस्कृति को विशव पटल पर पहचान दिलाया। उन्होंने कला, शिक्षा और जनजातीय भाषा के विकास और संरक्षण के लिए जीवन पर्यन्त काम किया। उनकी सोच और यादें झारखण्डी समाज को नई दिशा देती है। डा. मुण्डा लोक संस्कृति के नायक थे। डा. मुण्डा बहुआयामी व्यक्त्वि थे, राजनीति, कला, संस्कृति व समाज के प्रति समर्पित सोचवाले थे। डा. मुण्डा ने विश्व पटल पर झारखण्डी संस्कृति स्थापित की है। झारखण्ड के मूल सवाल पहचान, भाषा व संस्कृति पर काम किया है, झारखण्ड के उत्थान में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, अनादि ब्रह्म, केशव महतो कमलेश, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.-11052022-235708
CG-DL-E-11052022-235708
**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II--Section 3--Sub-section (ii)
**प्राधिकार से प्रकाशित,** PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2065] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 10, 2022/वैशाख 20, 1944
No. 2065] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 10, 2022/VAISAKHA 20, 1944

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
नई दिल्ली, 10 मई, 2022

का.आ. 2172(अ).—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 5255(ई.) दिनांक 17.12.2021, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के लोहरदगा जिले में NH-143A के कि.मी. 12.80 से कि.मी. 29.08 तक लोहरदगा शहर के आसपास बाईपास का निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "01.02.2022" को "हिन्दुस्तान" और तारीख "02.02.2022" को "दैनिक जागरण" दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

और आक्षेप प्राप्त हुए थे और सक्षम प्राधिकारी ने उन पर विचार कर लिया है और आक्षेपों को अननुज्ञात कर दिया है ;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखण्ड राज्य के लोहरदगा जिले में NH-143A के कि.मी. 12.80 से कि.मी. 29.08 तक लोहरदगा शहर के आसपास बाईपास का निर्माण के लिए अर्जन की जाने वाली भूमि का संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

राज्य का नामः झारखण्ड जिले का नामः लोहरदगा

| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) | भूस्वामी हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नामः लोहरदगा | | | | | |
| गांव का नामः सहेदा | | | | | |
| 215 | 395 | निजी | दोन 2 | 0.0429381 | सोहराई ताना भगत, फादर– महरू ताना भगत, वो लग्न वो शनि वो बंधे, फादर– षीभा ओराओं |
| 216 | 396 | निजी | दोन 2 | 0.1572238 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 217 | 401 | निजी | दोन 2 | 0.0466613 | लटीया उराँव , पिता–गुना उराँव, जाति– – एवं वो रामजित उराँव , पिता–शनि उराँव, जाति– उराँव |
| 218 | 402 | निजी | दोन 2 | 0.0298665 | लटीया उराँव , पिता–गुना उराँव, जाति– – एवं वो रामजित उराँव , पिता–शनि उराँव, जाति– उराँव |
| 219 | 403 | निजी | दोन 2 | 0.1055443 | विगा उराँव , पिता–एतवा उराँव, जाति– उराँव |
| 220 | 404 | निजी | टांड 2 | 0.234399 | शनिया उराँव , पिता–सोमरा उराँव, जाति– – एवं वो वन्दे उराँव , वो बुधराम उराँव , पिता–धारो उराँव, जाति– – |
| 221 | 415 | निजी | दोन 2 | 0.1318495 | सोहराई टाना भगत , पिता–महरु टाना भगत, जाति– – एवं वो लगना उराँव , वो सनी उराँव , वो बान्धे उराँव , पिता–शीवा उराँव, जाति– – |
| 222 | 427 | निजी | टांड 2 | 0.0065965 | ठाकुर उराँव , वो रामदयाल , पिता–शिवुवा उराँव, जाति– |
| 223 | 436 | निजी | दोन 2 | 0.1985431 | सौवना उराँव , वो दशवा उराँव , पिता–खुदी उराँव, जाति– – |
| 224 | 437 | निजी | दोन 2 | 0.4239579 | वन्दे भगत , पिता–विसराम भगत, जाति– उराँव |
| 225 | 438 | निजी | दोन 2 | 0.1370295 | जतरु भगत , वो मंगरा उराँव , पिता–लिरवा उराँव, जाति– |
| 226 | 439 | निजी | दोन 2 | 0.1418859 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 227 | 440 | निजी | दोन 2 | 0.1950223 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 228 | 441 | निजी | दोन 2 | 0.2574666 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं वो सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 229 | 442 | निजी | दोन 2 | 0.0997572 | ठाकुर उराँव , वो रामदयाल , पिता–शिवुवा उराँव, जाति– |
| 230 | 443 | निजी | दोन 2 | 0.2409955 | ठाकुर उराँव , वो रामदयाल , पिता–शिवुवा उराँव, जाति– |
| 231 | 444 | निजी | दोन 2 | 0.1989478 | शनिया उराँव , पिता–सोमरा उराँव, जाति– – एवं वो वन्दे उराँव , वो बुधराम उराँव , पिता–धारो उराँव, जाति– |
| 232 | 445 | निजी | दोन 2 | 0.1509915 | शनिया उराँव , पिता–सोमरा उराँव, जाति– – एवं वो वन्दे उराँव , वो बुधराम उराँव , पिता–धारो उराँव, जाति– – |
| 233 | 446 | निजी | दोन 2 | 0.0677459 | चरीया उराईन , पति–मंगा उराँव, जाति– उराँव |
| 234 | 625 | निजी | दोन 2 | 0.2248482 | खुलराज भगत , पिता–रितु भगत, जाति– उराँव |
| 235 | 626 | निजी | दोन 2 | 0.1391172 | अर्जुन कुम्हार , पिता–रामचरण कुम्हार, जाति– – एवं वो सुखलाल कुम्हार , वो लिलामन कुम्हार , वो बुधेशवर कुम्हार , पिता–खखनु कुम्हार, जाति– – |
| 236 | 628 | निजी | दोन 2 | 0.3087819 | फगवा भगत , पिता–विरसा भगत, जाति– उराँव |
| 237 | 629 | निजी | दोन 2 | 0.2084175 | अभिराम कृस्तान , पिता–तेलगा क्रिस्तान, जाति– उराँव |
| 238 | 630 | निजी | दोन 2 | 0.1214083 | बुधेश्वर महतो , पिता–खखुन महतो, जाति– कुम्हार |
| 239 | 631/973 | निजी | दोन 2 | 0.1832456 | विगनी देवी , पति–लीलामनी कुम्हार, जाति– कुम्हार |
| 240 | 634 | निजी | दोन 2 | 0.0747066 | माना उराँव , पिता–कोढी उराँव, जाति– उराँव |
| 241 | 635 | निजी | दोन 2 | 0.0399838 | माना उराँव , पिता–कोढी उराँव, जाति– उराँव |
| 242 | 636 | निजी | दोन 2 | 0.005261 | हुलास भगत , पिता–किशुन भगत, जाति– उराँव |
| 243 | 804 | निजी | दोन 2 | 0.1234318 | बसन्त लकडा , वो सोहन लकडा , पिता–अनन्द मांसी लकडा, जाति– – एवं वो जैमसी लकड़ा , पिता–सामू लकड़ा, जाति– उराँव |
| 244 | 805 | निजी | दोन 2 | 0.3613112 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 245 | 806 | निजी | दोन 2 | 0.0516795 | मोसमात मंगरी भगताईन , पिता–सोमा भगत, जाति– उराँव |
| 246 | 811 | निजी | दोन 2 | 0.3147713 | मांगा भगत , पिता–वोदो भगत, जाति– – एवं वो प्रसाद भगत , वो वुधवा भगत , पिता–परमाँतमों भगत, जाति– – एवं वो सुकरा भगत , पिता–नन्दुवा भगत, जाति– – एवं वो सुखु भगत , पिता–सुरका भगत, जाति– उराँव |
| 247 | 812 | निजी | दोन 2 | 0.153015 | सहदेव भगत , वो वासुदेव भगत , पिता–सोमा भगत, जाति– – एवं वो शनिचरवा भगत , पिता–राम चन्द्र भगत, जाति– – एवं वो सोहराई भगत , पिता–महरु भगत, जाति– – एवं वो भउवा भगत , पिता–वसुवा भगत, जाति– उराँव |
| 248 | 813 | निजी | दोन 2 | 0.1721975 | सहदेव भगत , वो वासुदेव भगत , पिता–सोमा भगत, जाति– – एवं वो शनिचरवा भगत , पिता–राम चन्द्र भगत, जाति– – एवं वो सोहराई भगत , पिता–महरु भगत, जाति– – एवं वो भउवा भगत , पिता–वसुवा भगत, जाति– उराँव |
| 249 | 815 | निजी | दोन 2 | 0.1177661 | अवध बिहारी साह , पिता–कृपाल साह, जाति– तेली |
| 250 | 816 | निजी | दोन 2 | 0.07155 | सनीया उराँव , पिता–सोमरा भगत, जाति– उराँव |
| 251 | 817 | निजी | दोन 2 | 0.1117361 | वीरसु उराँव , पिता–विरसा उराँव, जाति– उराँव |
| 252 | 818 | निजी | दोन 2 | 0.0832861 | वो सामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– उराँव एवं रास बिहारी भगत , वो किसुन , वो दयाल भगत , पिता–जालेश्वर भगत, जाति– – एवं वो हुलास भगत , पिता–किसुन भगत, जाति– – एवं वो काली भगत , वो लडवा भगत , वो बलकु भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– – एवं वो रंथु भगत , वो देवसागर भगत , पिता–बुचा भगत, जाति– – एवं वो नुनवा भगत , पिता–माँघी भगत, जाति– – एवं वो विरवल भगत , वो रामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– – |
| 253 | 819 | निजी | दोन 2 | 0.0533792 | वो सामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– उराँव एवं रास बिहारी भगत , वो किसुन , वो दयाल भगत , पिता–जालेश्वर भगत, जाति– – एवं वो हुलास भगत , पिता–किसुन भगत, जाति– – एवं वो काली भगत , वो लडवा भगत , वो बलकु भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– – एवं वो रंथु भगत , वो देवसागर भगत , पिता–बुचा भगत, जाति– – एवं वो नुनवा भगत , पिता–माँघी भगत, जाति– – एवं वो विरवल भगत , वो रामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– – |
| 254 | 820 | निजी | दोन 2 | 0.0441926 | वो सामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– उराँव एवं रास बिहारी भगत , वो किसुन , वो दयाल भगत , पिता–जालेश्वर भगत, जाति– – एवं वो हुलास भगत , पिता–किसुन भगत, जाति– – एवं वो काली भगत , वो लडवा भगत , वो बलकु भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– – एवं वो रंथु भगत , वो देवसागर भगत , पिता–बुचा भगत, जाति– – एवं वो नुनवा भगत , पिता–माँघी भगत, जाति– – एवं वो विरवल भगत , वो रामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– – |
| 255 | 821 | निजी | दोन 2 | 0.0985836 | मंगल उर्फ चुरामन लोहार , पिता–नन्दुआ लोहार, जाति– लोहरा |
| 256 | 822 | निजी | दोन 2 | 0.1997167 | वो सामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– उराँव एवं रास बिहारी भगत , वो किसुन , वो दयाल भगत , पिता–जालेश्वर भगत, जाति– – एवं वो हुलास भगत , पिता–किसुन भगत, जाति– – एवं वो काली भगत , वो लडवा भगत , वो बलकु भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– – एवं वो रंथु भगत , वो देवसागर भगत , पिता–बुचा भगत, जाति– – एवं वो नुनवा भगत , पिता–माँघी भगत, जाति– – एवं वो विरवल भगत , वो रामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– – |
| 257 | 847 | निजी | दोन 2 | 0.003966 | सोमा उराँव , पिता–वरगी उराँव, जाति– – एवं वो सुकरा उराँव , वो बुधराम उराँव , वो पालो उराँव , पिता–झीरगा उराँव, जाति– – एवं वो तेवारी उराँव , वो सुखु उराँव , पिता–गाधर उराँव, जाति– – |
| 258 | 848 | निजी | दोन 2 | 0.1431809 | सोमा उराँव , पिता–वरगी उराँव, जाति– – एवं वो सुकरा उराँव , वो बुधराम उराँव , वो पालो उराँव , पिता–झीरगा उराँव, जाति– – एवं वो तेवारी उराँव , वो सुखु उराँव , पिता–गाधर उराँव, जाति– – |
| 259 | 849 | निजी | दोन 2 | 0.0853905 | चुन्नी उराँव , वो खुद्दी उराँव , पिता–चेता उराँव, जाति– – एवं वो राम उराँव , वो माँया उराँव , वो चमरु उराँव , पिता–चेतु उराँव, जाति– – एवं वो सुकरा उराँव , पिता–झिरंगा उराँव, जाति– उराँव |
| 260 | 850 | निजी | दोन 2 | 0.1477135 | मंगल उर्फ चुरामन लोहार , पिता–नन्दुआ लोहार, जाति– लोहरा |
| 261 | 851 | निजी | दोन 2 | 0.086807 | मंगरा भगत , पिता–राम भगत, जाति– उराँव |
| 262 | 852 | निजी | दोन 2 | 0.2449211 | सौवना उराँव , वो दशवा उराँव , पिता–खुदी उराँव, जाति– |
| 263 | 853 | निजी | दोन 2 | 0.3035208 | मंगल उर्फ चुरामन लोहार , पिता–नन्दुआ लोहार, जाति– लोहरा |
| 264 | 854 | निजी | दोन 2 | 0.2464185 | बुधरा उराँव वो गुना उराँव , पिता–कुंवर उराँव, जाति– – एवं वो सुकरा उराँव वो दाले उराँव , पिता–करमा उराँव, जाति– उराँव |
| 265 | 858 | निजी | दोन 2 | 0.0336706 | लुरुआ भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– उराँव |
| 266 | 885 | निजी | दोन 2 | 0.3362202 | जतरु उराँव , पिता–भगुवा उराँव, जाति– उराँव |
| 267 | 886 | निजी | दोन 2 | 0.4779846 | चरीया उराईन , पति–मंगा उराँव, जाति– उराँव |
| 268 | 887 | निजी | दोन 2 | 0.2787535 | मोसमात मंगरी भगताईन , पिता–सोमा भगत, जाति– उराँव |
| 269 | 888 | निजी | दोन 2 | 0.0297855 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं वो सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 270 | 892 | निजी | दोन 2 | 0.0256981 | वो सामदेव भगत , पिता–सम्भु भगत, जाति– उराँव एवं रास बिहारी भगत , वो किसुन , वो दयाल भगत , पिता–जालेश्वर भगत, जाति– – एवं वो हुलास भगत , पिता–किसुन भगत, जाति– – एवं वो काली भगत , वो लडवा भगत , वो बलकु भगत , पिता–जागेश्वर भगत, जाति– – एवं वो रंथु भगत , वो देवसागर भगत , पिता–बुचा भगत, जाति–– एवं वो नुनवा भगत , पिता–माँघी भगत, जाति– – एवं वो विरवल भगत , वो रामदेव भगत, पिता–सम्भु भगत, जाति– – |
| 271 | 894 | निजी | दोन 2 | 0.0050992 | पगलु उराँव , पिता–एतवा उराँव, जाति– उराँव |
| 272 | 895 | निजी | दोन 2 | 0.2035208 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 273 | 896 | निजी | दोन 2 | 0.0256172 | माना उराँव , पिता–कोढी उराँव, जाति– उराँव |
| 274 | 898 | निजी | टांड 2 | 0.0632133 | सुकरा उराँव , वो दाले उराँव , पिता–करमा उराँव, जाति– – एवं वो बुधराम उराँव , पिता–कुवर उराँव, जाति– उराँव |
| 275 | 899 | निजी | दोन 2 | 0.0692837 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 276 | 900 | निजी | दोन 2 | 0.1020235 | मुसमात नन्दी , पति–केचोला उराँव, जाति– – एवं वो भदवा उराँव , पिता–वन्धु उराँव, जाति– उराँव |
| 277 | 903 | निजी | माकन | 0.0247268 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं वो सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 278 | 904 | निजी | खलिहान | 0.0394172 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं वो सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 279 | 905 | निजी | टांड 2 | 0.4420478 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं वो सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 280 | 906 | निजी | टांड 2 | 0.2826791 | विरसा भगत , पिता–पेरुआ भगत, जाति– – एवं वो एतवा भगत , पिता–रैआ भगत, जाति– उराँव |
| 281 | 907 | निजी | टांड 2 | 0.0849454 | बुधु उराँव , वो मंगरा उराँव , वो सोमा उराँव , पिता–भिरवार उराँव, जाति– – एवं वो मंगल उराँव , वो सनीया उराँव , पिता–एतवा उराँव, जाति– – |
| 282 | 944 | निजी | टांड 2 | 0.1678673 | वरीया उराईन , पति–चुमनु उराँव, जाति– उराँव |
| 283 | 947 | निजी | टांड 2 | 0.1814245 | भदवा उराँव , वो फगुवा उराँव , पिता–बुचु उराँव, जाति– |
| 284 | 949 | निजी | टांड 2 | 0.0080534 | कैलु भगत वो लिटगु भगत , पिता–मंगलु भगत, जाति– – एवं सुरजा भगत वो मंगरु भगत , पिता–धीनु भगत, जाति– – एवं वो मुसमात वन्धनी , पति–वस्ति भगत, जाति– उराँव |
| 285 | 951 | निजी | टांड 2 | 0.0471874 | चुमनु उराँव , पिता–भोठा उराँव, जाति– उराँव |
| 286 | 952 | निजी | टांड 2 | 0.0009713 | वरीया उराईन , पति–चुमनु उराँव, जाति– उराँव |
| 287 | 969 | निजी | दोन 2 | 0.1951032 | बिपति महतो, पति– सामडीपाल महतो |
| 288 | 973 | निजी | दोन 2 | 0.1127074 | जातनी देवी, पति– सुखलाल महतो |

[फा.सं. RW/Ranchi/LA/Lohardaga Bypas/NH-143A/3D]

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 276125 Lohardaga(22-23)#D

